मनेन्द्रगढ़
24 सितम्बर 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



वेस्टइंडीज के खिलाफ...
@ पेज 7



## आज मां चंद्रघंटा का दिन

नवरात्रि का तीसरा दिन है. नवरात्रि के तीसरे दिन देवी दुर्गा के चंद्रघंटा रूप की पूजा की जाती है. मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है. इनके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, मां के दस हाथ हैं, जिनमें अलग-अलग अस्त्र और शस्त्र होते हैं. वहीं, मां चंद्रघंटा का वाहन सिंह है. मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की सच्ची निष्ठा से पूजा-अर्चना करने से जीवन में शांति, समृद्धि और मानसिक संतुलन आता है ।

## सिंगर जुबीन गर्ग का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**गुवाहाटी, एजेंसी।** या अली फैम सिंगर जुबीन गर्ग का गुवाहाटी में मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पूरी अंतिम यात्रा के दौरान उनके गाए गाने बजते रहे। 52 साल के जुबीन का 19 सितंबर को सिंगापुर में निधन हो गया था. जुबीन के अंतिम संस्कार में परिजन, रिश्तेदार और भारी तादाद में फैंस मौजूद रहे। उनकी पत्नी गरिमा ने उनके शव को कंधा भी दिया। जुबीन के दो डॉग भी उनके अंतिम सफर में शामिल हुए। सिंगर की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद असम में उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा समेत घटना के वक्त उनके साथ मौजूद सभी लोगों और इवेंट मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। जुबीन गर्ग की मौत की जांच की जिम्मेदारी असम सरकार ने CID को सौंपी है।



## फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया

### पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा



**काबुल/ दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया। यह घटना रविवार, 21 सितंबर की है। अफगानिस्तान की ऋरू एयरलाइन की फ्लाइट ऋक़ 4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद CISF ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है।

# शिमला के युग के 2 हत्यारों को उम्रकैद

● **हाईकोर्ट ने फांसी की सजा बदली; एक को बरी किया, पिता बोले- इंसाफ नहीं मिला, सुप्रीम-कोर्ट जाएंगे**

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल हाईकोर्ट ने शिमला के बहुचर्चित युग हत्याकांड के 2 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। कोर्ट ने फांसी की सजा की पुष्टिकरण और दोषियों की अपील पर आज (मंगलवार को) अपना फैसला सुनाया। अब दोषी चंद्र शर्मा और विक्रांत बख्शी पूरी उम्र जेल में रहेंगे, जबकि तेजिंदर पाल को कोर्ट ने बरी कर दिया गया है।

इस मामले में विस्तृत आदेशों के लिए हाईकोर्ट के ऑर्डर का इंतजार है।

युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा, उन्हें इंसाफ नहीं मिला। वह कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि, हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा- सेशन कोर्ट से फटाफट फैसला हो गया, हाईकोर्ट में 6 साल लग गए।

वहीं, न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश राकेश कैंथला की विशेष खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के बाद अपना फैसला रिजर्व रखा था। यह मामला सत्र न्यायाधीश शिमला ने सजा के आदेशों की कन्फर्मेशन के लिए रेफरेंस के तौर पर हाईकोर्ट को भेज रखा था।

# जोजरी नदी में प्रदूषण हजारों गांवों का पीने का पानी जहरीला

### नौ अगस्त को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान मामले में नौ अक्तूबर को फैसला सुनाएगा। यह मामला 20 लाख जानें खतरे में, जोजरी नदी में प्रदूषण, राजस्थान शीर्षक के तहत सुनवाई के लिए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के सामने पेश हुआ।

राजस्थान सरकार की ओर से पेश वकील से पीठ ने कहा, हम दशहरे की छुट्टियों के बाद इस मामले में आदेश के लिए तारीख तय करेंगे। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख नौ अक्तूबर तय की। जब राज्य सरकार के वकील ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भी नदी में गंदा पानी छोड़े जाने को लेकर कुछ आदेश दिए हैं, तो पीठ ने कहा, हमें इसकी जानकारी है।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील को अनुमति दी कि यदि वह चाहें तो इस मामले में एक लिखित बयान दर्ज कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने



16 सितंबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि नदी में छोड़ा जा रहा औद्योगिक कचरा सैकड़ों गांवों को प्रभावित कर रहा है। कोर्ट ने कहा था कि कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाला कचरा नदी में डाला जा रहा है, जिससे इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने योग्य पानी उपलब्ध नहीं है। इससे लोगों की सेहत और स्थानीय पारिस्थितिकी प्रणाली पर बुरा असर पड़ रहा है।16 सितंबर को शीर्ष कोर्ट ने कहा था, यह कोर्ट राजस्थान की जोजरी नदी को लेकर स्वतः संज्ञान ले रही है, जहां टेक्सटाइल और टाइल फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में औद्योगिक कचरा छोड़ा जा रहा है। इससे सैकड़ों गांवों में इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने का पानी दूषित हो गया है। कोर्ट ने कहा था कि यह मामला चीफ जस्टिस (सीजेआई) के सामने रखा जाए, ताकि उचित आदेश दिए जा सकें और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा

### बैरन आइलैंड में 8 दिन में 2 बार धमाका; अंडमान-निकोबार द्वीप में है

**पोर्ट ब्लेयर,एजेंसी।** अंडमान-निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है।

बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और



यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान-निकोबार की खास पहचान माना जाता है।

**इससे पहले जुलाई में भी विस्फोट हुआ था :** रिकॉर्ड के मुताबिक यहां पहली बार विस्फोट 1787 में हुआ था। इसके बाद कई बार यह ज्वालामुखी सक्रिय हुआ। हाल में 2017 और 2022 में बड़े विस्फोट हुए थे। इस साल जुलाई में भी गतिविधि दर्ज की गई थी।

**बैरन आइलैंड में कोई नहीं रहता :** बैरन आइलैंड पूरी तरह से निर्जन द्वीप है, यानी यहां कोई इंसान नहीं रहता। यह जगह सिर्फ ज्वालामुखी, राख और पत्थरों से भरी हुई है। इस द्वीप की ऊंचाई करीब 354 मीटर है, जो समुद्र की सतह से काफी ऊपर उठी हुई दिखाई देती है।

### राहुल बोले- वोट चोरी और बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

# युवा भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे, मोदी अपने पीआर और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ङ्ग पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा- जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है।

राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी




सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है।

**राहुल बोले- युवा नौकरी की लूट नहीं सहेंगे :** राहुल ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे।

अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष को टांगकर ले गई पटना पुलिस

### नेताओं की कॉलर पकड़कर सड़क पर घसीटा ;सीएम हाउस घेरने निकले थे

**पटना, एजेंसी।** पटना में मंगलवार (23 सितंबर) को बिहार युवा कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता ष्टरू हाउस का घेराव करने के लिए सदाकत आश्रम से निकले। बारिश के बीच कांग्रेसी वोट चोर गद्दी छोड़ और अडाणी के खिलाफ नारे लगाते रहे। पुलिस ने कांग्रेस के प्रदर्शन को राजापुल के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें पीछे हटने को कहा, लेकिन वो नहीं माने।

इसके बाद पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कॉलर पकड़कर सड़क पर घसीटते हुए उन्हें राजापुल से हटाया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु को पुलिस टांगकर अपनी गाड़ी तक ले गई।

पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को डिटेन कर गाड़ी में बैठाया तो बाकी साथी पुलिस की गाड़ी पर चढ़ गए। इसके बाद बड़ी मुश्किल से पुलिस गाड़ी पर चढ़े नेताओं को हटाकर बाकी को अपने साथ ले गई।



### कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

15 सितंबर को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पीएम मोदी के बिहार दौरे के दौरान दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा था कि, बिहार में वोट चोरी का बंदोबस्त तो बैठाया जा रहा है, लेकिन अगर वोट चोरी से काम ना चले तो जाते-जाते गौतम अडाणी को सारी चीजें सौंप रहे हैं।

# कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, 7 की मौत

### सड़कों-घरों में 3 फीट तक पानी भरा, 33 फ्लाइट्स कैंसिल; रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप

**कोलकाता/नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई।





सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सोशल मीडिया पर कई के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूबी दिखीं। कई घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी घुस गया।

कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई और 42 फ्लाइट्स लेट हो गई। सड़कों पर पानी भरने से यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने में भी दिक्कत आ रही है। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है।

## मराठवाड़ा में भारी बारिश, गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति



**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड़ जिलों में मंगलवार को भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़ने के कारण गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। धाराशिव जिला पहले से ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और मराठवाड़ा के 129 राजस्व इलाकों में पिछले चौबीस घंटों में बहुत ज्यादा बारिश हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को उन किसानों की जल्द से जल्द मदद करनी चाहिए, जिन्हें भारी बारिश की वजह से नुकसान हुआ है। सोमवार की रात से मराठवाड़ा क्षेत्र के छत्रपति संभाजीनगर के जयकवाडी बांध और बीड़ के माजलगांव बांध के जलस्रत वाले इलाकों में तेज बारिश हो रही है। एक राजस्व अधिकारी ने कहा, कुछ इलाकों में ऐसा लगा जैसे बादल फट गए हों। उन्होंने बताया कि दोनों बांध लगभग पूरी तरह भरे हुए थे और लगातार बारिश की वजह से वहां से पानी छोड़ा जा रहा था। राजस्व अधिकारी ने कहा कि माजलगांव बांध के जलस्रोत वाले इलाकों जावलाला और रामोडा में सोमवार की रात क्रमशः 160 मिलीमीटर और 120 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा

### यूपी के सीतापुर में दोनों बेटे लेने पहुंचे; कार्यकर्ताओं की 73 गाड़ियों का चालान कटा


**सीतापुर, रामपुर, एजेंसी।** सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने उन्हें बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितंबर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई।



**400 कार्यकर्ता लेने पहुंचे, 73 गाड़ियों का चालान कटा :** आजम काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा- ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# काबुल से विमान के पहिए में छिपकर दिल्ली पहुंचे किशोर ने 1996 की कहानी दोहराई, तब लंदन गए थे दो भाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काबुल से विमान के पहिए में छिपकर 13 साल के किशोर के आईजीआई एयरपोर्ट आने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले वर्ष 1996 में पंजाब के रहने वाले दो भाइयों प्रदीप सैनी (23) और विजय सैनी (19) ने बिना वीजा और पासपोर्ट के गैर-कानूनी तरीके से विदेश जाने का फैसला लिया था। इस जानलेवा सफर में एक भाई की मौत हो गई थी। प्रदीप सैनी और विजय सैनी पंजाब से दिल्ली पहुंचे और आईजीआई एयरपोर्ट पर कई दिन रेकी की। एयरपोर्ट में घुसने का रास्ता खोजकर दोनों भाई लंदन के हीथ्रो जाने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छिप गए। विमान के टेकऑफ करते ही लैंडिंग गियर अंदर की ओर चले जाते हैं और दरवाजा बंद हो जाता है। दिल्ली से रवाना होने के करीब 10 घंटे बाद जब फ्लाइट लंदन के हीथ्रो



एयरपोर्ट पर लैंड हुई तो एक कर्मचारी को लैंडिंग गियर से भारी-भरकम चीज गिरी हुई दिखी। पास जाकर देखा तो वह प्रदीप सैनी था जिसकी सांसें चल रही थीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां होश आने पर उसने पूरी कहानी सुनाई।

प्रदीप ने जब अपने छोटे भाई विजय के बारे में पूछा तो उसकी तलाश की गई। घटना के पांच दिन बाद उसका शव साउथ-वेस्ट लंदन के रिचमोंड स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र में मिला। पता चला कि ठंड की वजह से उसकी मौत हो गई थी। वह लैंडिंग के दौरान एयरपोर्ट के नजदीक विमान से दो हजार फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया था।

**विमान के पहिये में छिपकर अफगानिस्तान से दिल्ली पहुंचा किशोर:** आईजीआई एयरपोर्ट पर एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अफगानिस्तान से एक 13 साल का किशोर विमान के पहिये में छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंच गया। किशोर को इमिग्रेशन विभाग ने अपने हिरासत में रखा हुआ है और उससे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि किशोर ईरान जाना चाहता था। इमिग्रेशन विभाग किशोर को वापस काबुल भेजने की प्रक्रिया कर रहा है।

एयरपोर्ट के अधिकारी के मुताबिक घटना रविवार की है। रविवार सुबह करीब 10.20 बजे काबुल से काम एयरवेज की फ्लाइट संख्या आरक्यू 4401 आईजीआई एयरपोर्ट पहुंची। फ्लाइट ने सुबह 8.46 बजे काबुल से उड़ान भरी थी। आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों के उतरने के बाद विमान टैक्सीवे पर खड़ा था। वहां मौजूद कर्मचारियों ने विमान के पास एक किशोर को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखा। कर्मचारियों ने किशोर से पूछताछ की। उसने बताया कि वह अफगानिस्तान का रहने वाला है। कर्मचारियों ने तुरंत अधिकारियों को इस बात की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवान वहां पहुंचे और किशोर को हिरासत में ले लिया। किशोर से पूछताछ करने के बाद उसे इमिग्रेशन विभाग के हवाले कर दिया गया।

पूछताछ में पता चला कि अफगानिस्तान का रहने वाला किशोर ईरान जाना चाहता था। वह गलती से भारत आने वाली फ्लाइट में चढ़ गया। उसने बताया कि काबुल एयरपोर्ट पर वह यात्रियों की गाड़ी के पीछे-पीछे अंदर घुस गया और फिर विमान के व्हील वेल में छिप गया। उड़ान भरने के बाद पहिये के अंदर जाने के बाद दरवाजा बंद हो गया और वह उसी में चिपका रहा। अधिकारियों ने बताया कि किशोर ऐसी हालत में 94 मिनट तक उसमें रहा, जो काफी हैरान करने वाला है। 10 हजार फीट से ऊपर ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाती है, ऐसे में किशोर की मौत भी हो सकती थी। फिलहाल किशोर इमिग्रेशन विभाग के हिरासत में है और अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि किशोर को वापस अफगानिस्तान भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## आधी रात गोलियों से गूंजी दिल्ली

### पुलिस से भिड़ा माया गैंग का सरगना, मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में बीती रात पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स यानी एसटीएफ ने कुख्यात माया गैंग के एक सक्रिय लुटेरे-स्नैचर और किंगपिन सागर को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक मुठभेड़ के दौरान हुई। आरोपी को पैर में गोली लगी।

डीसीपी दक्षिण पूर्व हेमंत तिवारी ने बताया कि एसटीएफ टीम को सागर के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जो माया गैंग का प्रमुख सदस्य है। सरिता विहार फ्लाईओवर के पास पहुंचते ही सागर ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में टीन ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की।

गोलीबारी के दौरान सागर घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सागर के पास से पुलिस को एक .32 बोर की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और तीन खाली कारतूस बरामद किए हैं।

## भाजपा पार्षदों में टकराव, नहीं हो पा रही एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक भाजपा पार्षदों के आपसी टकराव के कारण स्थगित हो रही है। समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने 24 सितंबर को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है, लेकिन 22 सितंबर की शाम तक समिति के सदस्यों को बैठक का एजेंडा नहीं भेजा गया। बैठक से कम से कम 72 घंटे पहले सदस्यों के पास एजेंडा पहुंचना अनिवार्य होता है। सूत्रों के अनुसार पिछली बैठक में कुछ प्रस्तावों के संबंध में लिए गए निर्णयों में भाजपा के कई पार्षद बदलाव चाहते हैं। खास तौर पर महापौर राजा इकबाल सिंह चाहते हैं कि पिछली बैठक की कार्रवाई में परिवर्तन किया जाए। वहीं, समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा इसके लिए तैयार नहीं हैं। भाजपा पार्षदों के इस टकराव का असर एमसीडी के कामकाज पर पड़ रहा है। समिति की बैठक नहीं होने के कारण करीब सौ प्रस्ताव लंबित हैं। खास बात यह है कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल के दौरान इस समिति का गठन नहीं होने पर भाजपा ने लगातार सवाल उठाए थे। अब भाजपा के अपने पार्षदों के भीतर टकराव के कारण समिति काम नहीं कर पा रही है। सूत्रों के अनुसार, स्थायी समिति अध्यक्ष व महापौर के बीच शुरू से ही टकराव चल रहा है।



महापौर ने पिछले दिनों कुछ प्रस्ताव को समिति अध्यक्ष को नजरअंदाज करते हुए स्वीकृति दी। इसके अलावा कई प्रस्तावों को समिति की बैठक में पेश करने की बजाय सीधे सदन में पेश किया गया। यह प्रस्ताव सीधे नीति निर्धारण और वित्त मामलों से संबंधित हैं, जिन्हें समिति में पेश करना या समिति अध्यक्ष के पास स्वीकृति के लिए भेजना जरूरी था।

## नेशनल म्यूजियम से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका चोरी, प्रोफेसर निकला चोर

**दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में स्थित नेशनल म्यूजियम से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका की चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नई दिल्ली जिले की कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने इस मामले में हरियाणा की एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रोफेसर को बाउन-डाउन करने के बाद छोड़ दिया गया। उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद कर ली गई है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नेशनल म्यूजियम में चोरी की ये घटना शनिवार के दिन हुई है। घटना के बाद मौके पर तैनात सीआईएसएफ ने तलाशी लेकर आरोपी प्रोफेसर को पकड़ लिया और कर्तव्य पथ पुलिस थाने में पुलिस के हवाले कर दिया।



**इस तरह पुलिस ने पकड़ा:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब 2.40 बजे राष्ट्रीय संग्रहालय से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका की चोरी के बारे में पता लगा। सीआईएसएफ के कर्मचारियों ने संग्रहालय की अनुभव गैलरी से रेप्लिका को गायब पाया। इसके बाद उन्होंने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान परिसर के अंदर एक शख्स को पकड़ लिया गया और उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद की गई।

म्यूजिम में चोरी करने के आरोपी के पकड़े जाने पर सीआईएसएफ अधिकारियों ने वहां मौजूद ड्यूटी स्टाफ को सूचित किया। इन लोगों ने फिर पुलिस को इस बात की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने के बाद कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन की एक टीम जल्द ही म्यूजियम पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर महिला ट्रैक से गिरी, अस्पताल में भर्ती ; हालत नाजुक

**दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को एक महिला ट्रैक पर गिर गई। ये देख वहां मौजूद यात्री चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर सीआईएसएफ और मेट्रो कर्मी दौड़कर आए। महिला को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद उसको अस्पताल लेकर गए। पूरी घटना सामने लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। हालांकि अभी तक ये पता नहीं चल सका है कि वो कौन है? यहां क्या करने आई थी? कहां जा रही थी? पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी है।



**महिला की हालत नाजुक:** महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टर उसका इलाज करने में जुटे हैं। पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि महिला सुसाइड करने आई हो। उसने जानबूझकर तो छलांग नहीं लगाई है। अभी उसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। बातचीत के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी। वहीं, चश्मदीदों का कहना है कि वो काफी देर तक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी।

## पति की प्रेमिका से पत्नी बोली- तुमने मेरा रिश्ता तोड़ा... एक करोड़ हर्जाना दो, जानें कोर्ट ने क्या कहा

**दिल्ली, एजेंसी।** विवाहेतर संबंधों के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि कोई महिला अपने पति की प्रेमिका के खिलाफ प्रेम अलगाव (एलाइनेशन ऑफ एफेक्शन) के आधार पर सिविल मुकदमा दायर कर हर्जाना मांग सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि व्यभिचार को अपराधमुक्त करने का मतलब यह नहीं है कि तीसरे पक्ष को सिविल परिणामों से मुक्ति मिल जाए। एक मामले में पत्नी ने पति की प्रेमिका पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाकर एक करोड़ का कुमार कौरव की एकलपीठ ने इस मामले में पत्नी के दावे को सशर्त




मान्य ठहराते हुए प्रेमिका से पक्ष रखने को कहा। पीठ ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट या किसी अन्य वैवाहिक कानून में तीसरे पक्ष के कृत्यों के खिलाफ कोई स्पष्ट उपाय नहीं है। वैवाहिक कानून के अभाव में और किसी वैधानिक प्रतिबंध के बिना, तीसरे पक्ष के खिलाफ हर्जाने का सिविल मुकदमा सिविल कोर्ट में चलाया जा सकता है।एक महिला ने अपने पति की कथित प्रेमिका पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाकर एक करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है।

## कम्युनिटिंग पुलिसिंग से सीधे जनता से जुड़ेगी पुलिस, क्राइम रिव्यू मीटिंग में पुलिस कमिश्नर के निर्देश

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कम्युनिटिंग पुलिसिंग के जरिए दिल्ली पुलिस सीधे जनता से जुड़ेगी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित क्राइम रिव्यू मीटिंग में यह बात कही। उन्होंने तत्काल इस आदेश को लागू करने के निर्देश दिए।

दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की स्वाट टीम को बधाई दी। एनएसजी की ओर से कराई गई एनएसजी जॉइंट एक्सरसाइज में स्वाट टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। अपराध समीक्षा बैठक में सभी जिले पुलिस प्रमुख व सभी यूनिटों के पुलिस उपायुक्त मौजूद रहे। शनिवार को में सीपी सतीश गोचला ने कहा,



कप्यूनिटिंग पुलिसिंग के तहत सीनियर सिटीजन से मुलाकात, युवा कार्यक्रम, अपराध की दुनिया में घुसे युवाओं को सही राह पर लाने की कोशिश करनी होगी। उनके अंदर स्किल पैदा करना और फिर उनको नौकरी दिलवाना पुलिस की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा आईज एण्ड ईयर स्कीम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनता के बीच जाकर लोगों को जागरूक करना होगा। सभी जिलों में ये कार्यक्रम एक साथ और एक ही दिन होंगे। कोई भी जिला अपने स्तर पर अलग-अलग नहीं करेगा।

# बांग्लादेश फरवरी में संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार

### प्रो. यूनुस ने अमेरिकी विशेष दूत गोर से मुलाकात में साझा की योजना

**न्यूयॉर्क (अमेरिका), एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को यहां दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत और भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। मुख्य सलाहकार प्रो. यूनुस ने उन्हें बताया कि बांग्लादेश अगले संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और अंतरिम सरकार स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रही है।

बांग्लादेश के द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूनुस ने न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान सर्जियो गोर से कहा, चुनाव फरवरी में होंगे। यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होगा। देश पूरी तरह तैयार है। मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव अबुल कलाम आजाद मजूमदार ने बताया कि सर्जियो गोर ने मुख्य सलाहकार के नेतृत्व की सराहना की और देश के प्रयासों का समर्थन करने की अमेरिका की इच्छा दोहराई।

बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने व्यापार, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग, सार्क के पुनरुद्धार, रोहिंग्या संकट और ढाका को निशाना बनाकर फैलाई जा रही भ्रामक



सूचनाओं सहित कई द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य सलाहकार ने कॉक्स बाजार शिविरों में रह रहे दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए अमेरिका से निरंतर समर्थन की मांग की। गोर ने आश्वासन दिया कि रोहिंग्याओं के लिए उनकी जीवन रक्षक सहायता जारी रहेगी।

यूनुस ने बताया कि अंतरिम सरकार ने सार्क को पुनर्जीवित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उन्होंने आसियान में शामिल होने में बांग्लादेश की रुचि भी व्यक्त की और कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ एकीकरण से देश के विकास में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने नेपाल और भूटान के साथ-साथ भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के साथ आर्थिक संबंधों को मज़बूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷हम घनिष्ठ क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से अपने आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं। मुख्य सलाहकार ने सर्जियो गोर को सुविधानुसार शीघ्र बांग्लादेश आने का निमंत्रण दिया। यूनुस सोमवार दोपहर (न्यूयॉर्क समय) जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। अमेरिका में बांग्लादेश के राजदूत तारिक मोहम्मद अरिफुल इस्लाम ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी यात्रा पर है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और उच्च अधिकारी शामिल हैं। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने बताया कि मुख्य सलाहकार 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देंगे। 30 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र पहली बार म्यांमार में रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति पर एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेगा। मुख्य सलाहकार के दो अक्टूबर को स्वदेश लौटने की संभावना है।

# दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

### इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर बोला संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इस्राइल और फलस्तीन के बीच दशकों पुराने संघर्ष को सुलझाने का केवल एक ही तरीका है- दो-राज्य समाधान। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि मौजूदा चुनौतियों का हल तभी निकल सकता है जब इस्राइल और फलस्तीन, दो स्वतंत्र देशों के रूप में, साथ-साथ शांति और सुरक्षा के साथ रहें।

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन के बाद फ्रांस का एलान:** इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फलस्तीन को औपचारिक रूप से राज्य के रूप में मान्यता देने की घोषणा की। इससे पहले कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन भी रविवार को यह एलान कर चुके हैं। अब तक 140 से अधिक देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों का यह कदम खास मायने रखता है क्योंकि ये दोनों जी-7 समूह और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं। इमैनुएल मैक्रों ने कहा, यह फैसला हमास की हार है। दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता है जिससे इस्राइल और फलस्तीन शांति से रह सकेंगे।

**इस्राइल की कड़ी प्रतिक्रिया:** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इन घोषणाओं को आतंकवाद को इनाम करार दिया।




उन्होंने कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद फलस्तीन को मान्यता देना आतंकियों को पुरस्कृत करने जैसा है। यह कभी नहीं होगा। नेतन्याहू ने साफ कहा कि जॉर्डन नदी के पश्चिम में कभी फलस्तीनी राज्य नहीं बनेगा। इस्राइली विदेश मंत्रालय ने भी इन देशों के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि शांति तभी संभव है जब फलस्तीनी प्राधिकरण आतंकवाद और भड़काऊ गतिविधियों को पूरी तरह रोके। मंत्रालय का कहना है कि राजनीतिक दिखावे की बजाय देशों को हमास पर दबाव डालना चाहिए कि वह बंधकों को छोड़े और अपने हथियार डाले।

**इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर भारत का रुख:** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दो-राज्य समाधान के पक्ष में एक प्रस्ताव लाया गया था। भारत समेत 142 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया था। फलस्तीन के विदेश मंत्रालय ने कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए इसे शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**भारत यूएन में एक महत्वपूर्ण आवाज है:** न्यूयॉर्क में चल रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कई अहम मुद्दों पर बयान दिया। इस दौरान दुजारिक ने कहा कि इस बार का बड़ा मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में सुधार है, ताकि यह संगठन 2025 की दुनिया के हिसाब से ज्यादा तेज, प्रभावी और प्रतिनिधित्वकारी बने। उन्होंने कहा, भारत संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का बहुत अहम हिस्सा है। भारत बहुपक्षवाद का मजबूत समर्थक है और महासचिव के भारत सरकार से बहुत अच्छे संबंध हैं। हमारे साथ कई भारतीय सहयोगी भी काम कर रहे हैं। भारत यूएन में एक महत्वपूर्ण आवाज है।

## पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को सजा सुनाने वाले जज पर अमेरिका की नजर टेढ़ी, उनकी पत्नी पर लगाए प्रतिबंध

**साओ पाउलो, एजेंसी।** अमेरिका ने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट के उस जज की पत्नी पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ कथित तख्तापलट की साजिश के मामले की जांच की थी। बोल्सोनारो को इसी महीने 27 साल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील के सॉलिसिटर जनरल जोर्ज मेसियास का भी अमेरिकी वीजा रद्द कर दिया है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फैसले की आलोचना की थी। जस्टिस अलेक्जेंड्रे डे मोराइस की पत्नी विवियाने बार्सी डे मोराइस को अमेरिकी ग्लोबल मैगनिट्स्की एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। यह कानून आमतौर पर मानवाधिकारों का हनन करने वालों के खिलाफ इस्तेमाल होता है। जस्टिस डे मोराइस खुद भी इसी कानून के तहत पहले निशाने पर आ चुके हैं, क्योंकि उन्होंने बोल्सोनारो के खिलाफ जांच की निगरानी की थी।

यह ट्रंप प्रशासन की ओर से ब्राजील के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की कड़ी में ताजा मामला है। इससे पहले भी ब्राजील के कई अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं और देश के अमेरिकी निर्यात पर टैरिफ पचास फीसदी तक बढ़ा दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के जज मोराइस के साथ काम करने वाले अन्य कुछ जजों के भी अमेरिकी वीजा रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, इन जजों ने व्यक्तिगत रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है। मोराइस परिवार की एक होल्डिंग कंपनी पर भी मैगनिट्स्की एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



**ट्रंप के हमलों से प्रभावित नहीं होंगी ब्राजील की संस्थाएं: जस्टिस डे मोराइस:** जस्टिस डे मोराइस ने एक बयान में कहा कि ब्राजील की संस्थाएं मजबूत और स्थिर हैं और ट्रंप प्रशासन के हमलों से प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी पर लगाया गया प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून, ब्राजील की संप्रभुता और न्यायपालिका की आजादी पर हमला है।

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?:** वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि जस्टिस डे मोराइस ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अदालतों का राजनीतिक हथियार बनाया, बिना मुकदमे के गिरफ्तारी के आदेश दिए और अभिव्यक्ति की आजादी को दबाया। मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये प्रतिबंध उन कदमों का हिस्सा हैं, जो ट्रंप प्रशासन ने जस्टिस मोराइस को उनके अधिकारों के दुरुपयोग, राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार ठहराने के मकसद से उठाए हैं।

### बेहतर भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण नितांत आवश्यक: डॉ. संदीप कुमार शर्मा

# सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय मझौली में ऊर्जा संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

### ऊर्जा की बचत आज की जरूरत: प्रो. बी. एल. सिंह






**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुपालन तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता भारती के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गैर-नवीनीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करना, आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा आमजन में ऊर्जा बचत के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि देश में ऊर्जा की खपत लगातार बढ़ रही है। यदि इसका समुचित प्रबंधन नहीं किया गया तो भविष्य में गहरा संकट खड़ा हो सकता है। बेहतर भविष्य के लिए ऊर्जा संरक्षण अनिवार्य है। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

विशिष्ट वक्ता प्रो. बी. एल. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऊर्जा संरक्षण का आशय केवल खपत घटाने से नहीं, बल्कि ऊर्जा का कुशल एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने से है। हमें आवश्यकता पड़ने पर ही विद्युत उपकरणों का उपयोग करना चाहिए, छोटी दूरियों के लिए पैदल या साइकिल से जाना चाहिए तथा निजी वाहनों की तुलना में सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बचत आज की बुनियादी आवश्यकता है।

कार्यक्रम में डॉ. भावना नागेंद्र, डॉ. सुरेश तिवारी, संदीप कोल, मनीष सोनी, सिद्धनाथ केवट सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. असलेंद्र जायसवाल ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यशाला का समापन किया गया।

## दीवार तोड़कर राशन दुकान से चोरी, 7 क्विंटल गेहूं-चावल ले गए चोर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक बार फिर राशन की दुकान से चोरी हुई है। मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम अमेढ़िया में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चोर 7 क्विंटल गेहूं-चावल ले गए। यह घटना बुधवार की देर रात की है।

कोटेदार विजय मिश्रा की दुकान से यह दूसरी बार चोरी हुई है। इससे पहले चोरों ने 12 क्विंटल अनाज चुराया था। चोर दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे। रात करीब 2 बजे की यह घटना है। चौकीदार के भोजन के लिए जाने के बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने दुकान का मुआयना किया और आसपास के इलाके में जांच शुरू कर दी है।

लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीण नाराज हैं। उनका कहना है कि गरीब हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण प्रशासन से दुकान की सुरक्षा बढ़ाने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

## दो दिन बाद सोननदी में डूबे चरवाहे का शव मिला, मवेशियों को लेकर घर जा रहा था



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** सोन नदी से एसडीआरएफ की टीम ने एक शख्स का शव बरामद किया है। मृतक का नाम शक्ति सिंह है। वह सोहागपुर थाना क्षेत्र के नरवार के रहने वाला था। 21 सितंबर को घटना उस समय हुई जब शक्ति सिंह अपने मवेशियों को चराकर वापस लौट रहा था। नदी पार करते समय वह बह गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सोहागपुर पुलिस को दी।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीआरएफ की 6 सदस्यीय टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी उप निरीक्षक कोमल सिंह के नेतृत्व में टीम ने लगातार खोजबीन की। दो दिन की मेहनत के बाद मंगलवार को शव को नदी किनारे से तीन किलोमीटर दूर बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नशामुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ पर जिले में जनजागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) की पाँचवीं वर्षगांठ पर जिले में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। सामाजिक न्याय विभाग के नोडल अधिकारी राजेश मिश्रा की उपस्थिति इस अवसर पर विशेष रही। मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से जिले में 18 अगस्त से 13 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री के संकल्प एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बच्चों के लिए संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए। आगामी दिनों में सभी शैक्षणिक संस्थानों में रैली, संगोष्ठी, परिचर्चा, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित कर अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से प्रत्येक विद्यालय और महाविद्यालय में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होगा। विद्यार्थियों एवं युवाओं को ई-प्लेज के माध्यम से नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई जा रही है तथा विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी दिए जा रहे हैं।

इस अभियान से संबंधित सामग्री विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। जनपद एवं निकाय स्तर के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर ई-शपथ कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं तथा प्रतिदिन की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर जिला कार्यालय को प्रेषित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस विभाग का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधिकारी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दे रहे हैं और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील कर रहे हैं।

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन प्रक्रिया शुरू, पहले दिन तीन राज्यों के 5 छात्रों ने लिया दाखिला; विधायक और कलेक्टर ने किया स्वागत



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** मेडिकल कॉलेज में 23 सितंबर यानी आज से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन तीन राज्यों के पांच छात्रों ने प्रवेश लिया। सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह और कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने छात्रों का माला पहनाकर स्वागत किया।

विधायक रामनिवास शाह ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। चितरंगी के आदिवासी क्षेत्र से आए यश कुमार ने कहा कि सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज खुलने से उन्हें प्रवेश मिल पाया है। गरीब परिवार से होने के कारण अन्यत्र मेडिकल की पढ़ाई संभव नहीं थी।

**इन स्टूडेंट्स ने लिया प्रवेश:** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में 100 सीटें हैं। प्रयास किया जा रहा है कि 50 सीटें और बढ़ाई जाएं। पहले दिन हरियाणा से अनुराग, राजस्थान से अभिलाष और तामिका, मध्य प्रदेश के सतना से तस्मिया और चितरंगी से यश कुमार ने दाखिला लिया।

कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को जल्द बेहतर किया जाएगा। अगले वर्ष तक मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से सुव्यवस्थित हो जाएगा, जिसका लाभ सिंगरौली जिले के लोगों को मिलेगा।

## शिवसेना ने वन विभाग को दिया ज्ञापन, अवैध खनन और वन्यजीव सुरक्षा पर उठाए सवाल; टोल फ्री नंबर चालू करने की मांग

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शिवसेना (उद्धव गुट) ने वन विभाग के कार्यालय में पहुंचकर वन मंडल अधिकारी और उपवनमंडलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना ने वन विभाग के बंद पड़े टोल फ्री नंबर को तत्काल चालू करने की मांग की है। जिले के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में लोग सर्पदंश और जंगली जानवरों के हमलों का सामना कर रहे हैं। टोल फ्री नंबर बंद होने से आपात स्थिति में लोगों को मदद नहीं मिल पाती। इससे ग्रामीण आत्मरक्षा में वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा देते हैं।



कठौतहा, रामपुर, बघवार, चौफाल, गांधीग्राम, सिरसी भाठा, बहरी रेंज, परिया, दादरी और सुरघुटी क्षेत्रों में अवैध लकड़ी तस्करी और पत्थरों की अवैध डुलाई की शिकायत की गई है। शिवसेना ने बघवार स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री पर भी सवाल उठाए हैं। फैक्ट्री ने प्लांट शुरू करते समय दोहरी बाउंड्रीवॉल के निर्माण के लिए कैंपा मद में करोड़ों रुपये दिए थे। 20 साल बीत जाने के बाद भी न तो निर्माण हुआ और न ही धनराशि का हिसाब मिला। फैक्ट्री तय सीमा से अधिक जंगल में खनन कर रही है। शिवसेना ने इसकी तत्काल जांच की मांग की है।

**ज्ञापन के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं-**

टोल फ्री नंबर तत्काल चालू कर 24 घंटे संचालित किए जाएं।

कैंपा मद की राशि की जांच कर बाउंड्री वॉल निर्माण कराया जाए।

अवैध कटाई व लकड़ी तस्करी पर रोक हेतु विशेष गश्ती दल गठित किए जाएं।

ग्रामीणों में जागरूकता के लिए वन मंडल स्तर पर नियमित अभियान चलाए जाएं।

जंगल व वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

जंगलों से पत्थर की अवैध डुलाई व खनन पर कड़ी रोक लगाई जाए।

# निर्माण कंपनी ने खुले में की डीजल शिफ्टिंग, लोगों ने रोकी पिकअप

### मैनेजर बोला- नोजल पंप नहीं, इसलिए करना पड़ता ट्रांसफर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के रामपुर नैकिन में बहुती प्रपात नहर निर्माण स्थल पर डीजल शिफ्टिंग को लेकर विवाद हो गया। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे पंकज कंस्ट्रक्शन कंपनी का एक पिकअप वाहन (एमपी 53 ज्ञ 2546) खुले में डीजल शिफ्टिंग करते समय ग्रामीणों ने पकड़ा।

ग्रामीणों ने तेज धूप में खुले में डीजल ट्रांसफर को खतरनाक बताते हुए विरोध किया। वाहन में मौजूद ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। स्थानीय निवासी सुरेंद्र सिंह ने डीजल की वैधता पर सवाल उठाते हुए पिपराव चौकी में शिकायत दर्ज कराई है।

**कंपनी के मैनेजर ने कही ये बात:** मेंटेनर कंपनी के मैनेजर आशीष सिंह ने कहा कि नोजल पंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण डीजल को कैंपर और अन्य वाहनों से ड्रम में भरकर लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि डीजल वैध है और शिफ्टिंग रिहायशी इलाकों से दूर की जाती है। उन्होंने नोजल पंप की मांग की है, जिसके मिलने के बाद ऐसी स्थिति नहीं बनेगी।

**पुलिस को नहीं मिली शिकायत:** चौकी प्रभारी शेषमणि मिश्रा ने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवेदन मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बच्चे की मौत, अचानक ब्रेक लगाने से 6 साल का बच्चा पहिये के नीचे आ गया

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। मोरवा थाना पुलिस ने नाबालिग चालक को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

मोरवा थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे बधिया मोहल्ले में हुई। खाली ट्रैक्टर लेकर जा रहे नाबालिग चालक से उसके पड़ोस में रहने वाले 6 साल के बच्चे आयुष गौड़ ने ट्रैक्टर में घूमने की जिद की। बच्चे की जिद पर चालक ने उसे अपने पास बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद अचानक ब्रेक लगाने से बच्चा ट्रैक्टर से फिसलकर सड़क पर गिर गया और पिछला पहिया उसके सिर पर चढ़ गया। जब तक चालक ब्रेक लगाता, तब तक बच्चे की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

**पुलिस ने मृतक के परिजनों का 10 हजार रुपए दिए:** घटना की सूचना मिलने पर मोरवा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने नाबालिग चालक को गिरफ्तार कर लिया है और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या नाबालिग अकसर ट्रैक्टर चलाता था और उसके परिवार ने उसे ट्रैक्टर क्यों दिया था। चूंकि पीड़ित परिवार बहुत गरीब है और बच्चे के पिता मजदूरी करते हैं, इसलिए पुलिस ने अपनी ओर से परिजनों को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी।

# श्री गणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे के कुशल नेतृत्व में 23 सितम्बर को गणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा सीधी में कपिल देव काछी न्यायिक माजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कपिल देव काछी न्यायिक माजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि मैं प्रकृति को जितनी बार भी देखता हूं उतनी बार निर्माता की प्रशंसा करता हूँ। प्रकृति की रचना ईश्वर की एक अदभुत् कलाकृति है। न्यायाधीश कपिल देव द्वारा छात्रों को कानून की जानकारी के साथ-साथ अपने जीवन में कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के तरीके भी बताए गए।

न्यायाधीश कपिल देव ने छात्रों को महान फ्रांसीसी वैज्ञानिक लुई पाश्चर की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा कि लुई पाश्चर ना होते तो हम दूध कैसे पीते दूध के संबंध में पाश्चुरीकरण की प्रक्रिया लुइ पाश्चर की ही देन है।

सन् 1885 में एक दिन लुई पाश्चर अपनी प्रयोग शाला में बैठे हुए थे। एक फ्रांसीसी महिला अपने 9 वर्षीय पुत्र को लेकर उनके पास पहुँची और कहा कि उसके पुत्र को पागल कुत्ते ने काट दिया है तब लुई पाश्चर ने उस पागल कुत्ते की लार में से वह जीवाणु निकाला, लेकिन उनके सामने एक भयावह प्रश्न था कि यदि वह प्रयोग उस बच्चे पर करें तो उसके साथ कुछ अनहोनी भी हो सकती थी लेकिन यदि नहीं करें तब भी उसकी जान बच पाना बहुत मुश्किल था। इसके बाद लुई पाश्चर ने यह निर्णय लिया और बालक का उपचार करना शुरू कर दिया और वही निष्क्रिय वायरस बच्चे को इंजेक्ट करते गए जिससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता उस वायरस से लडता सीख गई और वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो गया। मानव जाति के इतिहास में यह एक बड़ा आविष्कार था।

कपिल देव काक्षी ने कहा कि लुइ पाश्चर जैसा महान वैज्ञानिक भारत का प्रत्येक बच्चा बन सकता है और देश का नाम रोशन कर सकता है। बच्चे हमारे देश के आधारशिला हैं उन्हे मार्गदर्शन और सही रास्ता दिखाने का समय है। श्री मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। विधिक साक्षरता शिविर में कपिल देव काछी न्यायिक माजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्राचार्य महेन्द्र कुमार तिवारी विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता अभियान, डीन समेत डॉक्टर्स ने की सफाई; डॉ. विक्रांत बोले- इसे जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शहडोल में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता उत्सव-2025 का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। अधिष्ठाता डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आसपास की सफाई में डीन के साथ अन्य डॉक्टर्स ने भी हिस्सा लिया। डॉ. रामटेके ने कहा कि स्वच्छता स्वास्थ्य प्रणाली की सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

अभियान में कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप, स्वच्छता श्रमदान और अपशिष्ट पृथककरण शामिल थे। सफाई मित्रों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम भी रखा गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेन्द्र सिंह ने कहा कि इस अभियान से अस्पताल परिसर की सफाई के साथ समाज में स्वच्छता का महत्व भी बढ़ेगा। नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ ने सफाई मित्रों के साथ ओपीडी एरिया और रैन बसेरा की सफाई की।

# पाकिस्तान-सऊदी अरब में रक्षा समझौता, भारत के लिए चिंता

संपादकीय

क्या सऊदी अरब ने पाकिस्तान से नाटो जैसा रक्षा समझौता इसलिए किया क्योंकि वह अमेरिका पर पहले जितना भरोसा नहीं कर पा रहा है कहना कठिन है लेकिन ऐसा हो भी सकता है क्योंकि एक तो अमेरिका का प्रभाव तेजी से घट रहा है और दूसरे सऊदी अरब ने यह देखा कि कुछ दिनों पहले इजरायल ने किस तरह उसके पड़ोसी देश कतर में हमला किया।

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा समझौता होने से भारत का सशंकित होना स्वाभाविक है। यह कोई सामान्य रक्षा समझौता नहीं है, क्योंकि इसमें यह कहा गया है कि यदि किसी भी देश पर हमला होता है तो उसे दोनों देशों के खिलाफ माना जाएगा। इसके चलते यह प्रश्न उठा है कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान के खिलाफ वैसी कोई सैन्य कार्रवाई करता है, जैसी पिछले दिनों आपरेशन सिंदूर के तहत की गई तो क्या सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ वैसे ही खड़ा होगा, जैसे चीन और तुर्किये खड़े हुए थे

इस प्रश्न पर विचार करते समय इस पर भी ध्यान देना होगा कि आपरेशन सिंदूर पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई थी। क्या सऊदी अरब आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली सैन्य कार्रवाई को भी पाकिस्तान पर हमले के रूप में देखेगा भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखेगा, लेकिन यदि उसे भारत के हितों की चिंता होती तो क्या वह पाकिस्तान से वैसा समझौता करता, जैसा अमेरिका के प्रभुत्व वाले सैन्य संगठन नाटो के सदस्य देशों ने कर रखा है क्या सऊदी अरब ने पाकिस्तान से नाटो जैसा रक्षा समझौता इसलिए किया, क्योंकि वह अमेरिका पर पहले जितना भरोसा नहीं कर पा रहा है कहना कठिन है, लेकिन ऐसा हो भी सकता है, क्योंकि एक तो अमेरिका का प्रभाव तेजी से घट रहा है और दूसरे, सऊदी अरब ने यह देखा कि कुछ दिनों पहले इजरायल ने किस तरह उसके पड़ोसी देश कतर में हमला किया। कतर में अमेरिका का सैन्य ठिकाना होने के बाद भी इजरायल ने उस पर हमला करने में संकोच नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मानें तो उन्हें कतर पर इजरायली हमले की कहीं कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन शायद सऊदी अरब इस पर यकीन करने के लिए तैयार नहीं। जो भी हो, इस समझौते ने अमेरिकी राष्ट्रपति के अब्राहम समझौते को आगे बढ़ाने के सपने पर भी पानी फेरने का काम किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति इस समझौते को विस्तार देकर अन्य अरब देशों और इजरायल में मित्रवत संबंध कायम करना चाहते हैं। यदि सऊदी अरब ने अपनी सुरक्षा चिंताओं का समाधान करने के लिए पाकिस्तान से रक्षा समझौता करना बेहतर समझा तो यह अमेरिका से ज्यादा भारत के लिए चिंता का विषय है। यह समझौता पाकिस्तान का दुस्साहस बढ़ाने का जरिया बन सकता है।

## भविष्य की राह दिखाता इंदौर का नो कार डे

**(पवन वर्मा-विनायक फीचर्स)**

भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में लगातार पहचान बनाने वाले इंदौर के एक और अभियान ने देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह पहल है नो कार डे। एक ऐसा दिन जब लोग अपनी निजी कारों का इस्तेमाल न करके पैदल चलने, साइकिल चलाने, ऑटो, ई-रिक्शा या सार्वजनिक परिवहन साधनों का सहारा लेते हैं। नो कार डे में यहां के संभागायुक्त हो या कलेक्टर या अन्य अफसर सभी कार की जगह पर दो पहिया वाहन पर चलते हैं। पहली नजर में यह एक प्रतीकात्मक कदम लग सकता है, लेकिन इसका संदेश गहरा है। इंदौर न केवल स्वच्छता की मिसाल पेश कर रहा है, बल्कि अब पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ शहरी जीवनशैली की दिशा में भी उदाहरण बन रहा है। इंदौर में हर साल 22 सितंबर को नो कार डे मनाया जाता है। इस बार भी नो कार डे पर यहां के संभागायुक्त सुदाम खाडे और कलेक्टर शिवम वर्मा भी दो पहिया वाहनों पर घूमते हुए नजर आए।

### कार संस्कृति और शहरों की समस्या

बीते तीन दशकों में भारत के शहरों में कारों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 1991 के उदारीकरण के बाद मध्यमवर्ग की आय बढ़ी, कार लोन सस्ते हुए और निजी गाड़ियों को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाने लगा। आज आलम यह है कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चैन्नई, पुणे, कोलकाता जैसे बढ़े शहरों से लेकर इंदौर, भोपाल, लखनऊ जैसे मध्यम आबादी वाले के साथ ही छोटे-छोटे शहरों की सड़कें कारों से पटी रहती हैं।

कारें केवल ट्रैफिक जाम का कारण नहीं बनतीं, बल्कि वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं और ऊर्जा खपत की सबसे बड़ी जिम्मेदार भी हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के शहरों में वायु प्रदूषण का चालीस प्रतिशत हिस्सा परिवहन से आता है। इसमें सबसे बड़ा योगदान निजी कारों का है।

### इंदौर की पहल क्यों खास ?

इंदौर जैसे शहर जहां हर साल लाखों लोग काम और शिक्षा के लिए आते हैं, वहां ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में नो कार डे जैसी पहल न केवल प्रतीकात्मक है बल्कि यह शहर को नई दिशा दिखाती है। इंदौर लंबे समय से नागरिक भागीदारी वाले अभियानों के लिए जाना जाता है। स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पहले स्थान पर बने रहना इसका उदाहरण है। जब नगर निगम और प्रशासन ने नो कार डे मनाने का निर्णय लिया, तो इसमें आम नागरिक, संस्थान, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठन और उद्योग जगत सभी ने सहयोग दिखाया। यह पहल इसलिए भी खास है क्योंकि यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं है। बल्कि इसमें जनसहभागिता को केंद्र में रखा गया है। लोग गर्व से सोशल मीडिया पर अपनी साइकिल चलाते, दो पहिया वाहन चलाते, पैदल चलते या ऑटो और बस का उपयोग करते हुए तस्वीरें साझा करते हैं।

### पर्यावरण को भी मिलता है लाभ

कारों का प्रयोग कम होने से सबसे बड़ा फायदा वायु गुणवत्ता में सुधार के रूप में सामने आता है। इंदौर की आबादी और वाहन दबाव को देखते हुए यदि एक दिन में 10-15 प्रतिशत कारें भी सड़कों से हटें, तो पीएम 2.5 और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी हो सकती है। डीजल और पेट्रोल कारों से निकलने वाला कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर सीधे फेफड़ों और दिल की बीमारियों से जुड़ा है। पेट्रोल-डीजल की खपत कम होगी। भारत हर साल अरबों डॉलर का तेल आयात करता है। हॉर्न, इंजन की आवाज और जाम की स्थिति से पैदा शोर कम होगा। कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

## बानू मुश्ताक : मैसूर दशहरा में हिंदू आस्था पर राजनीतिक प्रहार

**भारत की सबसे बड़ी पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सहिष्णुता है। यहां सहअस्तित्व की परंपरा सदियों से रही है। किंतु इस परंपरा का लाभ उठाकर तुष्टिकरण की राजनीति ने भारतीय समाज को भीतर से कितना कमजोर किया है, इसका उदाहरण एक बार फिर कर्नाटक से सामने आया है। हाल ही में कर्नाटक के मैसूर दशहरा महोत्सव में घटित प्रकरण देखा जा सकता है।**



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

22 सितंबर 2025, सोमवार को नवरात्रि का प्रारंभ हुआ। यह वह समय था जब देशभर के मंदिरों में कलश स्थापना और देवी की पूजा-अर्चना की जा रही थी। किंतु इसी दिन कांग्रेस शासित कर्नाटक में कहीं ऐसा भी कुछ घट रहा था जो लाखों हिंदुओं की आस्था को आहत पहुंचा रहा था। मैसूर का विश्व प्रसिद्ध दशहरा महोत्सव, जिसकी शुरुआत माँ चामुंडेश्वरी मंदिर से होती है, इस बार बानू मुश्ताक नामक मुस्लिम लेखिका के हाथों सम्पन्न कराया गया। उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर देवी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए और अनुष्ठान की औपचारिक शुरुआत की।

पहली नजर में यह शायद समावेशिता और धार्मिक सौहार्द का प्रयास लगे, लेकिन इसकी हकीकत वस्तुतः हिंदू आस्था पर सीधा प्रहार है। क्योंकि बानू मुश्ताक न केवल इस्लामिक पृष्ठभूमि से आती हैं बल्कि वे बार-बार सार्वजनिक मंचों पर देवी-पूजा को अंधविश्वास करार देती रही हैं। उन्होंने देवी की शक्ति को नकारते हुए पूर्व के अपने कथनों में कई बार कहा है कि वास्तविक शक्ति किसी मूर्ति से नहीं, बल्कि निराकार (अल्लाह) से आती है। इसे आप उनका सीधे-सीधे हिंदू देवी-पूजा पर चोट करना भी मान सकते हैं।

इतना ही नहीं, उन्होंने कन्नड़ भाषा और संस्कृति पर भी सवाल उठाए हैं। कन्नड़भाषी समुदाय लंबे समय से भाषा को देवी सरस्वती से जोड़कर गर्व महसूस करता है। लेकिन बानू मुश्ताक का कथन है कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम है, इसका देवी से कोई लेना-देना नहीं। इसे देवी सरस्वती की देन मानना भटकाव है। यह वक्तव्य कन्नड़भाषियों की गहरी आस्था को चोट पहुँचाने वाला तो है ही, साथ में हर उस हिन्दू का अपमान है, जो भाषाओं में मां सरस्वती का आराधन करते हैं । यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि देवी-देवताओं की पूजा समाज को विभाजित करती है और समानता तभी संभव है जब लोग मूर्तियों से ऊपर उठकर एक ईश्वर को मानेंगे। यह दृष्टिकोण पूरी तरह इस्लामी एकेश्वरवाद का परिप्रेक्ष्य है, जो बहुदेववाद को नकारता है। स्पष्ट है कि जिन विचारों में दशहरा जैसे पर्व की आत्मा को नकारा जाता है, उन्हीं विचारों से जुड़े व्यक्ति को मुख्य अतिथि बनाना क्या ये हिंदू समाज की भावनाओं का अपमान नहीं है

महिला सशक्तिकरण पर भी उनके विचार विवादित हैं। उन्होंने कहा कि महिला को शक्ति देवी दुर्गा या चामुंडेश्वरी से नहीं मिलती, बल्कि शिक्षा और अधिकारों से मिलती है। पहली नजर में यह प्रगतिशील विचार लगता है, परंतु जब इसे देवी-पूजा को नकारते हुए प्रस्तुत किया जाता है तो यह उस मानसिकता को दर्शाता है जो पारंपरिक आस्था को खारिज करने पर आमादा है। विडंबना यह है कि इस्लाम के भीतर महिला अधिकारों पर प्रश्न उठाने से वह हमेशा बचती रही हैं, लेकिन सनातन परंपरा को कटघरे में खड़ा करने से कभी नहीं चूकतीं।

अब प्रश्न उठता है कि आखिर ऐसी महिला को दशहरा जैसे महोत्सव का मुख्य अतिथि क्यों बनाया गया उत्तर स्पष्ट है कि यह तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस सरकार दिखा रही है कि वह अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिनिधि है, सरकार बानू मुश्ताक के जरिए स्पष्ट तौर पर बता रही है कि वो जो चाहे कर सकती है, बहुसंख्यक परंपराओं के केंद्र में बैठ कर उसे जो करना होगा वह करेगी और कोई उसका कुछ नहीं कर सकता । देखा जाए तो यह केवल धार्मिक तटस्थता का प्रयास नहीं, बल्कि बहुसंख्यक आस्थाओं की अवहेलना और अपमान है। इस पूरे मामले को जब न्यायालय में चुनौती दी गई तो अदालत ने इसे ÷सरकारी कार्यक्रम÷ कहकर याचिका खारिज कर दी। सवाल यह है कि क्या सदियों से चला आ रहा एक आगमिक अनुष्ठान महज सरकारी आयोजन है फिर तो हर बड़े आयोजन और मंदिरों में सरकार का हस्तक्षेप है, कल को हर कार्यक्रम में जिसमें सरकार इस तरह से करना चाहेगी, वो करेगी और हिन्दू सिर्फ सामने से देखता रहेगा

कहने को यह विवाद केवल एक आयोजन का है, परंतु इसके दूरगामी निहितार्थ हैं। इससे यह संदेश गया है कि हिंदू पर्व और परंपराएँ अब राजनीतिक सौदेबाजी के लिए बिकाऊ वस्तु बन चुकी हैं। यह समाज की सांस्कृतिक अस्मिता के लिए गंभीर खतरा है। यदि आज हिंदू समाज सजग नहीं होगा, तो कल उसके मंदिर, उसकी परंपराएँ और उसकी आस्थाएँ पूरी तरह से राजनीतिक प्रयोगशाला में बदल जाएँगी। यहां यह प्रश्न भी उठता है कि क्या यह पहली बार हुआ है जब कांग्रेस ने हिंदुओं की आस्था पर प्रहार किया बिल्कुल नहीं। अतीत में ऐसे सैकड़ों उदाहरण भरे पड़े हैं जब मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदू परंपराओं को नीचा दिखाया गया। लेकिन सवाल यह है कि आखिर बार-बार कांग्रेस को यह अवसर कौन देता है जवाब स्पष्ट है, वही हिन्दू जनता, जो वोट डालते समय अपनी आस्था और अस्मिता को भूल जाती है और फिर बाद में उसकी उपेक्षा पर विलाप करती है। आज आवश्यकता है आत्ममंथन की। क्या हम अपनी परंपराओं की रक्षा के लिए खड़े होंगे या केवल सोशल मीडिया पर आक्रोश व्यक्त करके संतोष कर लेंगे क्या हम अपने पर्वों और अनुष्ठानों को किसी सरकार या अदालत की व्याख्या पर छोड़ देंगे या स्वयं उनकी गरिमा की रक्षा करेंगे यह प्रकरण हमें याद दिलाता है कि मंदिर, अनुष्ठान और परंपराएँ किसी सरकार या व्यक्ति की बपौती नहीं हैं। ये सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक-सांस्कृतिक विरासत हैं, जिनकी रक्षा का दायित्व स्वयं समाज का है। यदि हिंदू समाज स्वयं नहीं जागेगा तो आने वाले समय में भी उसकी आस्थाएँ लगातार अपमानित होती रहेंगी।

यह घटना चेतावनी है कि यदि अब भी हिंदू समाज नहीं जागा तो उसकी सांस्कृतिक अस्मिता धीरे-धीरे मिटा दी जाएगी। दोष कांग्रेस या अदालत का नहीं, दोष हमारी अपनी निष्क्रियता का होगा। हमें स्वयं अपनी परंपराओं, अपने मंदिरों और अपनी आस्थाओं की रक्षा करनी होगी, क्योंकि यह कार्य न तो कोई सरकार करेगी, न अदालत और न ही किसी अन्य का यह कार्य है।

## रूस की चेतावनी नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था का संकेत

**भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

भारत और चीन के खिलाफ जारी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध के खिलाफ रूस का खुलकर उतरना वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का दोनों देशों के पक्ष में खुलकर उतरना यह साबित करता है कि तीनों ही देश कम से कम आर्थिक विषयों के मामले में साथ आ रहे हैं। रूस का खुलकर भारत और चीन का साथ देना और अमेरिका का विरोध करना, वैश्विक दादागिरी वाली अमेरिकी कूटनीति को सीधी चुनौती कही जा सकती है।

अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन बधाई देकर एक तरह से दोनों देशों के रिश्तों में टैरिफ युद्ध के चलते आई तल्खी को कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी रूख में कोई बदलाव नहीं आने की वजह से वास्तविक हालात में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर सर्गेई लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चेतावनी हो सकता है।



भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।

सर्गेई लावरोव ने अमेरिका को एक तरह से चेतावनी दी, अपने ही देश के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी के कार्यक्रम 'द ग्रेट गेम' में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वह बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, काम नहीं कर पाया।

सर्गेई ने इस कार्यक्रम में एक तरह चुटकी भी ली। उन्होंने अमेरिका के चीन और भारत से जारी रिश्तों को लेकर कहा कि चीन और भारत से जिस तरह का अमेरिकी संपर्क जारी है, वह दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष वैश्विक कूटनीति में आ रहे बदलावों को समझ चुका है।

लावरोव ने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी जरूर हुई, क्योंकि दोनों ही देशों यानी चीन और भारत को नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।

लावरोव का यह कहना भी कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है, बहुत मानीखेज है। इसका मतलब यह है कि रूस कम से कम इस वक्त अमेरिकी दबवा में नहीं आने जा रहा। रूस पर वैसे ही बाइडन प्रशासन के जमाने से कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं, फिर भी रूस की सेहत और कूटनीति पर विशेष असर नहीं पड़ा है।

ध्यान देने की बात यह है कि रूस, चीन और भारत की कुल जनसंख्या करीब तीन अरब है। जो वैश्विक जनसंख्या का करीब चालीस फीसद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीनों देशों की अर्थव्यवस्था की सामूहिक भागीदारी करीब 32 प्रतिशत है। जाहिर है कि दुनिया में इनकी हिस्सेदारी अहम है। ऐसे में लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चुनौती ही है कि टैरिफ युद्ध खत्म हो या न हो, तीनों देश कम से कम अपनी आर्थिक चुनौतियों के सामने झुकने नहीं जा रहे।

## रोजगार मेले की तैयारियों में किसी तरह की कोर कसर न रखें : कमिश्नर

# सेवा पखवाड़े में सभी अधिकारी भागीदारी निभाएं : कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि अक्टूबर माह के अंत में रीवा में विशाल रोजगार और स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी अधिकारी रोजगार मूलक योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण 30 सितम्बर तक बैंकों में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। इन प्रकरणों को 15 सितम्बर तक स्वीकृत कराकर हितग्राहियों को स्वरोजगार मेले में वितरित कराएं। विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की भी शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति 15 अक्टूबर तक सुनिश्चित करें। अधिकारी रोजगार मेले की तैयारी में किसी तरह की कोर कसर न रखें। अग्रणी बैंक प्रबंधक सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से संपर्क कर बैंकों में लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। जिला रोजगार अधिकारी रोजगार मेले से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। सभी अधिकारी इस अवधि में अपने कार्यालय और उसके परिसर की साफ-सफाई कराएं। संभाग के सभी जिलों का भ्रमण करके स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा छात्रावासों में स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़ी गतिविधियों के संबंध में रिपोर्ट दें। वृक्षारोपण, रक्तदान, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, नशामुक्ति अभियान, दिव्यांगों के कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में भी सभी अधिकारी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस व्यवस्था में तेजी से कार्य हो रहा है। अब रीवा संभाग प्रदेश में जिलों और संभागों की सामूहिक रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंच गया है। इस सप्ताह तक 23 हजार से अधिक फाइलें ई आफिस के माध्यम से निराकृत की गई हैं। संभागीय अधिकारी अब फाइलों का मूवमेंट ई आफिस से ही करें।

कमिश्नर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा एनएचआई के अधिकारी सड़कों में सुधार का कार्य तत्काल शुरू करें। बारिश अब लगभग समाप्त हो गई है। प्रमुख सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में भी सुधार का कार्य तत्काल शुरू करें। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा पीएचई सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें।

कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में खाद की रैक नियमित प्राप्त हो रही है। इसका ठीक से वितरण कराएं। अपर मुख्य सचिव खाद्य 27 सितम्बर को धान उपार्जन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करेंगे। बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं में तत्परता से कार्यवाही करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने बैठक में कृषि यंत्रीकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कृषि आदान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, उप संचालक मछलीपालन डॉ अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद संकट का समाधान तत्काल किया जाय : किसान सुब्रत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष और राष्ट्रीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री से मांग की है कि खाद संकट का शीघ्र निदान किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेवा सहकारी समितियों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को ऋण के साथ नगद में खाद मिल सके। कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंचकर किसान सुब्रत ने किसानों से मुलाकात की। किसानों ने खाद और बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। नगर निगम द्वारा खाद लेने जाने वाले किसानों से वसूली की जा रही है, जबकि कई गांवों के ट्रांसफार्मर जल चुके हैं और खाद नहीं मिल रही है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं।



सबसे दुखद यह है कि माता रानी के नवरात्रि के दौरान मातृ शक्ति खाद के लिए लाइन में लगी है। बुजुर्ग किसान भी इस लाइन में हैं, जो किसानों का शोषण है। किसान बहनें और बच्चे भी खाद के लिए टोकन की लाइन में लगे हैं। किसान सुब्रत ने बताया कि उनकी सेवा सहकारी समिति में पर्याप्त खाद नहीं पहुंची है। परमिट वालों को ही दो-तीन बोरी दी जा रही है, जबकि नगद में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से खाद संकट का तत्काल निराकरण करने और गांवों में जल चुके ट्रांसफार्मरों की जानकारी लेकर उन्हें तुरंत बदलने की मांग की है।

## गढ़ी मंडल अध्यक्ष ने जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल गढ़ी के अध्यक्ष समीर सिंह ने गत दिवस चाकघाट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन के दौरान गढ़ी क्षेत्र के विकास एवं जन समस्याओं से संबंधित मांग पत्र का ज्ञापन विधायक सिद्धार्थ तिवारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा। उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से आग्रह किया है कि 13 सूत्रीय मांगों को पूरा किया जाए। मंडल अध्यक्ष समीर सिंह ने बताया कि गढ़ी मंडल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और चित्रकूट जिले की सीमा से लगा हुआ है। इस मंडल में माझियारी जैसा प्रमुख रेलवे स्टेशन भी है, जो आज तक आवश्यक सुविधाओं से वंचित है।

मांग पत्र में गढ़ी को उपतहसील बनाने और तहसीलदार का बैठना सुनिश्चित करने, गढ़ी चौकी का उन्नयन कर थाना बनाने, गढ़ी में डिग्री कॉलेज की स्थापना, कन्या हाईस्कूल खोले जाने, जवा से शंकरगढ़ रोड को टू लेन करने, खजुरिहा से बरगढ़ बाया गढ़ी घटेहा मार्ग को टू लेन करने, ग्राम पंचायत तुर्का गोदर के ग्राम बैदगवां में मादा नदी में एक स्टापडैम का निर्माण करने, ग्राम पंचायत रिस्दा से बाया कुचालक, सोरैहा हरिजन बस्ती से ग्राम पंचायत फुलदेऊर होते हुए भठ्ठी टोला आदिवासी बस्ती से बरगढ़ मुख्य रोड जोड़ने, जवा गढ़ी सोहर्वा पटहट रोड में तीन पुलियों का उन्नयन करने, घोघरा नाला टगहा, चितौली नदी पर डोढ़किया, लोनी नदी पर सोहर्वा, ग्राम शुभनाथ से महदेवा आदिवासी बस्ती पहुँच मार्ग पर मादा नदी पर पुल निर्माण करने, गढ़ी उप स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र बनाने, गढ़ी में एक विद्युत वितरण केन्द्र की स्थापना करने, और ग्राम पंचायत चौखड़ा के किर्तुआ तालाब का सौंदर्यकरण करने की मांग की गई है।

## नौवस्ता पुलिस ने गुम मोबाइल 24 दिन में खोजा, कीमत करीब 27,000 रुपए

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** पुलिस चौकी नौवस्ता, थाना चोरहटा, जिला रीवा में मध्यपुर निवासी धीरू सिंह पिता रामभान सिंह ने 29 अगस्त 2025 को अपने गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद, मोबाइल को तकनीकी रूप से ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए त्वरित जांच और कार्रवाई की गई। नौवस्ता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रशांत शुक्ला के निर्देशन में साइबर एक्सपर्ट आरक्षक 169 अरुणेंद्र सिंह ने पोर्टल और साइबर सेल के माध्यम से रेडमी नोट 14 प्रो, जिसकी कीमत करीब 27,000 रुपए है, को ट्रैक किया। महज 24 दिन में मोबाइल को खोजकर पुलिस चौकी नौवस्ता लाया गया और धीरू सिंह को सौंपा गया।

इस पूरी कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रशांत शुक्ला, प्रआर. जीतेंद्र द्विवेदी, साइबर एक्सपर्ट आरक्षक अरुणेंद्र सिंह, और साइबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा। उप निरीक्षक प्रशांत शुक्ला ने आम जनता से आग्रह किया कि यदि किसी का मोबाइल गुम हो जाए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें और भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर मोबाइल को ब्लॉक करने और ट्रैक करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को रास्ते में या कहीं और मोबाइल मिले, तो उसे निकटतम थाने या चौकी में जमा करें और बिना बिल के मोबाइल न खरीदें।

## प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार, बाइक के बीच में रखकर कर रहे थे तस्करी; 238 शीशियां बरामद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत चोरहटा पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास गोडहर मैदान से दो लोगों को प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 238 शीशियां बरामद की गई हैं। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया है।

**पुलिस को मुखबिर से मिली सूचनात्न** थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक हीरो बाइक (एमपी-17-एमसी-2744) में दो व्यक्ति नशीली सिरप लेकर ग्राहक के इंतजार में हैं। पुलिस ने सूचना पर इलाके की तलाशी ली। गोडहर मैदान के पास मिली बाइक पर बैठे दो व्यक्ति भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों दीपक यादव और राहुल द्विवेदी की तलाशी लेने पर उनके पास से एक बोरी मिली। बोरी



खोलने पर 238 नग ओनरेक्श कफ सिरप की 100 मि.ली. शीशियां बरामद हुईं। दोनों आरोपियों के खिलाफ नशीली दवाओं की तस्करी का मामला दर्ज किया गया है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज:** दीपक यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम रमकुई और राहुल द्विवेदी उम्र 26 वर्ष ग्राम तिघरा के निवासी हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 8, 21, 22, 25, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## नईगढ़ी के देवीपुर में ज्वाला से प्रकट हुईं मां, अष्टभुजा माता मंदिर में मनौती पूरी होने पर श्रद्धालु चढ़ाते है जिंदा बकरा

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज ( निप्र )।** जिले के नईगढ़ी कस्बा क्षेत्र के देवीपुर गांव में स्थित अष्टभुजा माता धाम स्थानीय आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय बुजुर्गों और इतिहासकारों के अनुसार, इस धाम की उत्पत्ति लगभग 500 वर्ष पूर्व हुई।



**इतिहास और स्थापना:** मंदिर के पुजारी पंडित जयप्रकाश तिवारी बताते हैं कि वर्तमान मंदिर स्थल पहले घने जंगल में था। कथाओं के अनुसार, एक दिन माता का प्राकट्य तेज अग्निज्वाला के रूप में हुआ। लालगंज गांव का एक ग्वाला अज्ञानता में उस अग्नि पर पानी डाल बैठा, जिससे अग्नि शांत हो गई। बाद में सेंगर वंश के राजा प्रताप सिंह को स्वप्न में माता ने दर्शन देकर धाम यहीं स्थापित करने का आदेश दिया।

राजा के निर्देशानुसार पास के क्षेत्र में नईगढ़ी का निर्माण हुआ। करीब 135 वर्ष पूर्व दुवगवां गांव के ब्राह्मण साधु राम कोंड़रिया ने मंदिर का निर्माण कराया। बाद में मोतीलाल पांडेय, राजेंद्र द्विवेदी और भूधर पांडेय जैसे स्थानीय श्रद्धालुओं ने इसका जीर्णोद्धार कराया।

**आस्था और भक्तों का तांता:** माता के दरबार में वर्षभर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, विशेषकर सोमवार, गुरुवार, नवरात्रि, दशहरा और रामनवमी पर। आषाढ़-श्रावण मास की हरियाली पूजाई पर दूर-दराज से भी भक्त आते हैं। यहां मनौती पूरी होने पर श्रद्धालु विशेष परंपरा के तहत जिंदा बकरा या जीभ तक चढ़ाते हैं।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासकीय राशि भुगतान करने वाले लोक निर्माण विभाग सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी एवं संविदाकार के विरुद्ध ईओडब्ल्यू में अपराधिक प्रकरण दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र संबंधी फर्जी एनओसी तैयार कर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सतना एवं संविदाकार द्वारा धोखाधड़ी कर शासन को 02.00 करोड़ से अधिक राशि की आर्थिक क्षति पहुँचाई गई। रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र, जिसके आधार पर राशि का भुगतान किया गया, वह पत्र कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा रीवा से जारी होना नहीं पाया गया।

सी.आर.एफ. योजना के अंतर्गत सतना जिले के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों में अनियमित भुगतान किया गया। वर्ष 2017 से 2022 की अवधि में सतना जिले के सेमरिया बनकुइंया मार्ग से गाजन, मझियार, बकिया, लौलाछ, भटिगवां, खाम्हा, किचवरिया, इटौर, मैनपुरा, अकौना, टिकरी, खमरिया, गोरड्या मार्ग में 46.70 किमी. के सड़क निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग सतना एवं संविदाकार मे0 एस.आर. कन्स्ट्रक्शन दिल्ली द्वारा कार्य किए गए।



निर्माण कार्य के चलित देयकों के भुगतान में माइल स्टोन (कार्य में विलम्ब) की राशि रुपये 2,59,66,580/- लोक निर्माण विभाग सतना द्वारा रोक ली गई थी। रोक की गई राशि के भुगतान हेतु संविदाकार द्वारा लोक निर्माण विभाग सतना के कार्यालय में रायल्टी चुकता संबंधी कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा रीवा का पत्र प्रस्तुत किया गया।

उक्त पत्र लगभग 08-09 माह बाद तत्कालीन कार्यपालन यंत्री श्री मनोज द्विवेदी द्वारा मार्क किया गया। यह पत्र लोक निर्माण विभाग सतना के कार्यालय में आवक होना नहीं पाया गया। इसके

## ग्राम पंचायत बीरपुर में भ्रष्टाचार का बोलबाला, कागजों तक सीमित विकास कार्य



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले के जवा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां लाखों रुपये की राशि को आहरित किया गया है, लेकिन विकास का कहीं अतापता नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में 30 से 40 लाख रुपये से अधिक का घोटाला किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच अनीता राजधर यादव के कार्यकाल में चगडैम निर्माण और बोल्डर बंधान जैसे कामों के नाम पर राशि निकाली गई, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई काम नहीं हुआ है। विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निर्माण भी आधा-अधूरा छोड़कर खानापूर्ति कर दी गई।

आरोप है कि महिला सरपंच के नाम पर ग्राम पंचायत का हर काम उनके पति राजधर यादव द्वारा किया जाता है, जो ज्यादातर समय त्योंथर में रहते हैं। ऐसे में पंचायत कार्य के लिए ग्रामीणों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है या फिर सरपंच पति के पास त्योंथर दौड़ना पड़ता है। जबकि शासन के नियमानुसार महिला सरपंच के किसी रिश्तेदार को काम करने की अनुमति है। इसके बावजूद जनपद सीईओ की मेहरबानी से सभी महिला सरपंचों के पति पंचायत का कार्य करते नजर आते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार है और साफ-सफाई के नाम पर राशि आहरित की गई है। नालियां भी अमानक बनी हैं, जिनकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने कई बार जनपद पंचायत से लेकर सीएम हेल्पलाइन 181 तक शिकायतें कीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले। अब ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से जांच कर भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार की इस लूट में अधिकारी भी शामिल हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर कब तक कागजों पर ही विकास दौड़ता रहेगा?

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत 26 व 27 सितंबर को विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की अब तक जिले में हुई प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि आगामी 26 व 27 सितंबर को स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाओं का सभी महिलाओं को लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत संचालित गतिविधियों में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच व स्क्रीनिंग कर जानकारी पोर्टल में अपलोड करें।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शिविर में गर्भवती महिलाओं और अन्य महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच, बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण तथा संचारी एवं असंचारी रोगों की पहचान के लिये जांच हो तथा प्रत्येक दिन की गतिविधि की जानकारी स्वास्थ्य केन्द्रवार पोर्टल में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रत्येक गर्भवती महिला को स्वास्थ्य केन्द्र तक ले जाकर स्वास्थ्य की जांच करायें तथा विद्यालयों में किशोर बालिकाओं की जांच करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच स्क्रीनिंग की रिपोर्ट नहीं फीड की जा रही है उनके विरूद्ध कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने आगाह किया कि प्रदेश में जिले की अभियान के तहत प्रगति अच्छी होनी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने एनएचएम के डीपीओ राघवेन्द्र मिश्रा को नियमित मानीटरिंग न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबकि डॉ. सुनील अवस्थी एवं बीपी सिंह नोडल अधिकारी आरबीएसके को बैठक में अनुपस्थित रहने तथा सीपीएचसी सलाहकार आकांक्षा सिंह को स्वास्थ्य परीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 970 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, 95 लोगों की कैंसर एवं 251 सिकल सेल सहित 14570 की स्क्रीनिंग की गई। अनमोल पोर्टल में 3437 महिलाओं की एएनसी तथा 1568 का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर ने अभियान में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में पूरे समर्पण व निष्ठाभाव से कार्य करने के निर्देश दिये तथा कहा कि मैदानी अमला तत्परता से कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. मंजुल पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान में अधिकारियों ने दिया संदेश

### बुरहानपुर में अपर कलेक्टर सहित कर्मचारियों ने सफाई कर दिया संदेश, 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर और अन्य कर्मचारियों ने स्वच्छता का संदेश दिया।

सुबह से कार्यालय परिसर में अधिकारी और कर्मचारी जुटे। सभी ने मिलकर श्रमदान किया। परिसर से घास, फूस, झाड़ियां और कचरा हटाया गया। यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ जन जागरूकता फैलाने का भी माध्यम है।

**2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान:** 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, सेवा और समाज में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार और उपसंचालक कृषि एमएस देवके सहित अन्य कर्मचारियों ने श्रमदान में हिस्सा लिया।

अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने आसपास का वातावरण साफ रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

## मंदसौर में चोरी के दो मामलों का खुलासा

### ट्रक की बैटरी और पनडुब्बी मोटर चोरी के आरोपी गिरफ्तार, सामान और कैश बरामद

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर की वायडी नगर पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी के मामलों का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है।

पहला मामला 19 सितंबर 2025 का है। गंगाराम पाटीदार ने किटियानी कॉलोनी में अपने ट्रक से 160 एम्पीयर की बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरी शिकायत 20 सितंबर को शिव मंगल सिंह सिसोदिया ने की। उनकी एक हॉर्स पावर की पनडुब्बी मोटर चोरी हो गई थी।



**पुलिस ने चोरी का सामान और कैश बरामद किया:** पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर शाहरुख कुरैशी को पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास से चोरी की पनडुब्बी मोटर और 5,000 रुपए नकद बरामद हुए। मोटर की कीमत करीब 6,000 रुपए है।

**चोरी की बाइक मिली:** मुल्तानपुरा चौकी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दूसरे आरोपी शहजाद शाह को पकड़ा। उसके पास से चोरी की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल मिली। मोटरसाइकिल का नंबर RJ 09 ES 8927 है और कीमत लगभग 50,000 रुपए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

## अनूपपुर की चचाई पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा

### उड़ीसा से लाकर बेचने की थी योजना, 1.60 लाख का 10 किलो गांजा जब्त

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर में चचाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने सब एरिया स्कूल के पीछे शिव मंदिर के पास अमलाई में दो तस्करों को पकड़ा है।


आरोपियों की पहचान ईदउल नबी (26) और सुनील सिंह यादव (26) के रूप में हुई है। ईदउल नबी जबलपुर के कटंगी का रहने वाला है। वहीं सुनील सिंह यादव उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कुलपहाड़ का निवासी है।

दोनों आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर बेचने की फिराक में थे। तलाशी के दौरान ईदउल नबी के पास से 5 किलो 199 ग्राम और सुनील के पास से 5 किलो 88 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कुल 10 किलो 287 ग्राम गांजे की कीमत 1,40,574 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं, जिनकी कीमत 20,000 रुपए है। कुल बरामदगी की कीमत 1,60,574 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 बी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मंदसौर में मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़

### एमडी और डोडाचूरा के साथ 8 तस्कर गिरफ्तार, 2.70 लाख का माल जब्त



**मंदसौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पकड़ने में सफलता हासिल की। भेसोदा मंडी चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग मादक पदार्थ ले जा रहे हैं।

**सिल्वर अल्टो कार से जब्ती:** भानपुरा थाना पुलिस ने संदिग्ध सिल्वर अल्टो कार (स्क्क 09 ष्टरू 5089) को लेहदी संधारा रोड पर रोककर तलाशी ली। कार से 60 ग्राम एमडी और 5 किलो 100 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। इन मादक पदार्थों की कीमत लगभग 2.70 लाख रुपए बताई गई है।

**तस्करी का रूट और आरोपी:** पूछताछ में पता चला कि आरोपी यह मादक पदार्थ रतलाम जिले के बरखेड़ा कला से लाए थे। वे इसे सीतामऊ निवासी अरमान पठान और कोटा निवासी शाहरूख को देने जा रहे थे।

**गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई:** पुलिस ने मंदसौर के बबलू राव उर्फ सीनू, विशाल दरकुनिया, सुनिल परमार, अभय पितावजा और कपिल खेतरा को गिरफ्तार किया। इसके अलावा रतलाम के दीपक पोरवाल, आयुष पोरवाल और कुलदीप चंदेल को भी पकड़ा गया।भानपुरा थाना टीआई आर. सी. डांगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22, 15 और 29 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# रायसेन खंडेरा माता मंदिर की अद्भुत कहानी

### मान्यता 400 साल पहले यज्ञ से प्रकट हुई थी पांच मुख वाली माता, नवरात्रि में 9 दिन चलेगा मेला

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन से लगभग 17 किमी दूर खंडेरा माता का मंदिर है। माता को यहां छोले वाली मैया कहा जाता है। शारदीय नवरात्रि के समय मंदिर में विशेष तैयारियां की जाती हैं। नवरात्रि के 9 दिनों में लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं।

मंदिर के पुजारी दिनेश दुबे के अनुसार यह मंदिर बहुत पुराना है। कहा जाता है कि कई साल पहले गांव में महामारी फैली थी और लोग मरने लगे थे। उसी समय एक संत गांव में आए और लोगों से कहा कि यज्ञ करें। यज्ञ के सातवें दिन छोले के पेड़ के नीचे जमीन फटी और पांच मुख वाली माता की प्रतिमा प्रकट हुई। गांव में महामारी तुरंत समाप्त हो गई और तब से लोग माता की पूजा श्रद्धा भाव से करने लगे।



**9 दिन चलेगा मेला:** मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। भोपाल, इंदौर, रतलाम, विदिशा, सागर सहित कई शहरों से लोग माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और माता से आशीर्वाद पाते हैं। नवरात्रि के दौरान 9 दिन मेला भी लगता है। माता निसंतान को संतान देने वाली मानी जाती हैं, इसलिए विशेष श्रद्धा होती है।

**होली की अनोखी परंपरा:** खंडेरा गांव में इस मंदिर को लेकर होली की दूज पर एक खास परंपरा निभाई जाती है। इस दिन किसी भी धारदार औजार का इस्तेमाल नहीं किया जाता। घर में सब्जी नहीं काटी जाती और किसान भी फसल नहीं काटते। यह नियम धुलेंडी की रात 12 बजे से होली की दूज रात 9 बजे तक लागू रहता है। लोग पहले ही सब्जियां काट कर रख लेते हैं। मंदिर और गांव में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चला रहा था क्लिनिक

### टीम पहुंची तो झोलाछाप एलोपैथिक दवाईयों से कर रहा था इलाज

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के सरवन में बिना पंजीयन के एलोपैथी दवाइयों और इंजेक्शन से इलाज कर रहे झोलाछाप के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने एफआईआर दर्ज की है। सरवन थाना में इरफान पिता मोहम्मद हुसैन गजनवी के खिलाफ मप्र आयुर्विज्ञान राज्य परिषद एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवन के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवींद्र डामोर की रिपोर्ट पर कार्रवाई हुई। जांच अभियान के दौरान सरवन के बांसवाड़ा रोड पर एसबीआई बैंक के सामने स्थित अमन हेल्थ क्लिनिक की टीम ने जांच की। यहां मोहन नगर, रतलाम निवासी इरफान गजनवी अवैध रूप से क्लिनिक संचालित कर रहा था।

**दवाइयां और इंजेक्शन जब्त:** इरफान के पास चिकित्सा व्यवसाय का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। मौके से टीम ने एलोपैथिक दवाइयां और इंजेक्शन जब्त किए। इस दौरान टीम ने क्लिनिक की वीडियोग्राफी भी की।

# उज्जैन में स्कूली बच्चों ने समझी खगोलीय घटना

### 23 सितंबर को शरद सम्पात : दिन-रात बराबर, सूर्य पहुंचा दक्षिणी गोलार्ध

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में 23 सितंबर को वर्ष की एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना शरद सम्पात दर्ज की गई। इस दिन सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत स्थिति में था, जिसके कारण पूरे दिन और रात की अवधि लगभग 12-12 घंटे की रहेगी।

शासकीय वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने स्कूल के बच्चों को यह खगोलीय घटना बताई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सूर्य ने दक्षिणी गोलार्ध और सायन तुला राशि में प्रवेश किया। सूर्य की क्रांति शून्य अंश 12 कला दक्षिण रही, वहीं सायन तुला राशि में सूर्य की स्थिति शून्य अंश 29 कला 47 विकला पर दर्ज की गई।

**शंकु यंत्र और नाड़ीवलय यंत्र का प्रयोग किया:** खगोलीय घटना को समझाने के लिए वेधशाला में शंकु यंत्र और नाड़ीवलय यंत्र का प्रयोग किया गया। डॉ. गुप्त ने बताया कि शंकु की छाया इस दिन पूरी तरह विषुवत रेखा पर चलती नजर आई। उन्होंने कहा कि 23 सितंबर तक नाड़ीवलय यंत्र के उत्तरी भाग पर धूप पड़ रही थी, जबकि अब 24 सितंबर से 20 मार्च तक दक्षिणी भाग पर धूप रहेगी।




**अब दिन छोटे और रातें बड़ी होंगी:** सूर्य के दक्षिणी गोलार्ध में प्रवेश करने से उत्तरी गोलार्ध में दिन छोटे और रातें बड़ी होने लगेंगी। यह स्थिति 22 दिसंबर तक बनी रहेगी। उस दिन वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे लंबी रात होगी। इसके साथ ही उत्तरी गोलार्ध, खासकर भारत में शरद ऋतु की शुरुआत हो जाएगी।

# सागर में दुकान में बैठे बर्तन व्यापारी पर एसिड अटैक

### हाथ-पैर और सीना झुलसा, प्लास्टिक के जग में एसिड लेकर पहुंचा था आरोपी

**सागर, एजेंसी।** सागर के मकरोनिया इलाके में बर्तन व्यापारी बसंत गुप्ता पर बदमाश ने एसिड से हमला कर दिया। तेजाब की छींटों से व्यापारी गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध की तलाश कर रही है। मकरोनिया चौराहे के पास सिविल लाइन रोड पर प्रिंस मार्केट में गुप्ता स्टील भंडार नामक दुकान है। सोमवार रात बसंत गुप्ता दुकान पर बैठे थे, तभी एक आरोपी हाथ में प्लास्टिक का जग लेकर आया और उस पर तेजाब फेंककर भाग गया। व्यापारी के चिल्लाने पर लोग इकट्ठे हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

**एसिड से व्यापारी का शरीर झुलसा:** बसंत गुप्ता के सीने, हाथ और पैर पर तेजाब के छींटे लगने से वे झुलस गए। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिनमें एक संदिग्ध आरोपी नजर आया है, जिसकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं।



**अभी तक हमला क्यों हुआ पता नहीं चला:** मकरोनिया थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह चौहान ने कहा, अभी तक हमले के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान हुई है, उसकी तलाश जारी है। व्यापारी की हालत सामान्य होने पर उनसे पूछताछ कर हमले का कारण पता लगाया जाएगा।

**हालत सामान्य होने पर बयान लेंगे:** मकरोनिया थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बर्तन व्यापारी पर हुए एसिड अटैक के मामले में फिलहाल कारण सामने नहीं आ पाया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को चिंहित किया है। उसकी तलाश की जा रही है। व्यापारी की हालत सामान्य होने पर उनके बयान लिए जाएंगे। जिसमें घटना का कारण स्पष्ट हो सकता है।

# जमीन विवाद में महिला ने जान खतरा बताया

### जिला पंचायत सदस्य के पति पर धमकी देने का आरोप, एसपी से की शिकायत

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में जमीन विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया है। श्यामपुर की रहने वाली उर्मिला ठाकुर ने जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जिला पंचायत सदस्य के पति अनस खान ने उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।

घटना 18 सितंबर की रात की है। उर्मिला के पुत्र सुरेन्द्र सिंह ठाकुर की 17 एकड़ कृषि भूमि पर अनस खान 20-25 लोगों के साथ पहुंच गए। उस समय परिवार के लोग सोयाबीन की फसल की कटाई करवा रहे थे। विरोध करने पर अनस खान और उनके साथियों ने गाली-गलौज की और मारपीट की।

**निष्पक्ष जांच की मांग:** शिकायत के अनुसार, अनस खान ने क्षेत्र को मुस्लिम एरिया बताते हुए उर्मिला और उनके बच्चों को जान से खत्म करने की धमकी दी। उर्मिला ने बताया कि विवादित जमीन का मामला जैन परिवार से जुड़ा है। यह प्रकरण तहसील और जिला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद अनस खान उन्हें परेशान कर रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# खरगोन में पीएम आवास के लिए 8 साल से इंतजार

### 1300 में से सिर्फ 157 आवेदनों को मंजूरी, भू अधिकार पत्र के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे लोग

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन के करही पाडल्या क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत लोगों को मकान नहीं मिल पा रहे हैं। क्षेत्र के 1300 से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से केवल 157 आवेदन ही स्वीकृत हुए हैं।

लोगों को पिछले 8 साल से पक्के मकान का इंतजार है। मंगलवार को परेशान लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर पालिका से भू अधिकार पत्र की मांग की। चार माह पूर्व भी लोगों ने यह समस्या बताई थी। भू फाटक के माध्यम से कार्रवाई होनी है, लेकिन वह साइट बंद पड़ी है।



वार्ड 11 और 12 के नाला क्षेत्र के लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। स्थानीय निवासी संध्या जाटव के अनुसार बार-बार आने वाली बाढ़ से कच्चे मकानों में पानी घुस जाता है। कई मकान गिर चुके हैं।

लच्छीराम नागरे ने बताया कि जमीन के पट्टे ग्राम पंचायत के होने के कारण अधिकांश आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। 2016-17 में जिन लोगों को आवास योजना का लाभ मिला था, उन्हें ग्राम पंचायत के पट्टों पर ही स्वीकृति दी गई थी। मामले में अपर कलेक्टर रेखा राठौड़ ने लोगों को आवश्यक कार्य करने का आश्वासन दिया है।

# थ्रेशर में फंसा मजदूर शरीर के टुकड़े हुए

### पोटली में बांधकर ले गए पुलिसवाले; सोयाबीन निकालते समय हुआ हादसा



**महेश्वर, एजेंसी।** खरगोन में एक मजदूर थ्रेशर की चपेट में आ गया। उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पुलिस टुकड़ों को पोटली में बांधकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले गई।

हादसा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे महेश्वर के ग्राम डापला में हुआ। जानकारी के अनुसार, सोमाखेड़ी चिकली का रहने वाला मजदूर कैलाश (46) पवन अग्रवाल के खेत में काम कर रहा था। वह थ्रेशर से सोयाबीन की फसल निकाल रहा था। इसी दौरान उसका गला थ्रेशर में फंस गया।

कैलाश गला बाहर निकालने का प्रयास करने लगा, तभी मशीन की चपेट में आ गया। साथी मजदूरों ने तुरंत ट्रैक्टर बंद करवाया, लेकिन तब तक कैलाश की मौत हो चुकी थी।

**पुलिस ने थ्रेशर और ट्रैक्टर जब्त किया:** एसआई कमल तारे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर और थ्रेशर को जब्त कर लिया है। ट्रैक्टर मालिक गोपाल सिटोले और चालक राकेश सिटोले के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। चालक की लापरवाही मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**घर में अकेला कमाने वाला था कैलाश:** एसआई तारे का कहना है कि कैलाश अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके दो बेटे और एक बेटी है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर भेज दिया है।

## नदी में डूबने से दो बहनों की मौत, छतरपुर में छोटी बहन को बचाने लिए कूदी बड़ी बहन, बेटियों के शव देख पिता बेहोश

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिले के शिकारपुरा गांव में सोमवार शाम 12 वर्षीय आस्था और 16 वर्षीय आकांक्षा नदी में डूब गई। छोटी बहन को बचाने गई बड़ी बहन भी पानी में डूब गई। दोनों बहनों के शव नदी से निकाल लिए गए हैं। बच्चियों के शव देख पिता बेहाश हो गए।



**बड़ी बहन ने बचाने की कोशिश की:** जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियों गांव के पास नदी किनारे बकरियां चरा रही थीं। छोटी बहन आस्था का पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गई। उसे बचाने के लिए बड़ी बहन आकांक्षा ने तुरंत नदी में छलांग लगाई। दोनों बहनें पानी में डूबने लगी। आस पास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया।

बच्चों का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और दोनों बच्चियों को नदी से निकालकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिता प्रमोद रैकवार अस्पताल पहुंचकर बेटियों के शव देखकर बेहोश हो गए।

**पुलिस जांच में जुटी:** प्रत्यक्षदर्शी कल्याण रैकवार ने बताया कि उन्होंने तैरकर दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। नौगांव थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने कहा कि दोनों बहनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मंगलवार को दोनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शादी से मना किया तो युवती-उसके पिता को चाकू मारे

### आरोपी पंचायत में बोला- पत्नी और प्रेमिका को साथ रखूंगा; नहीं माने तो हमला किया

**मनावर, एजेंसी।** धार में एक सिरफिरे ने प्रेमिका और उसके पिता पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी युवती से शादी करना चाहता था। आरोपी के पहले से शादीशुदा होने के चलते युवती के पिता राजी नहीं थे। आरोपी ने पहले उन्हें धमकाया। जब युवती और उसके पिता पुलिस के पास जाने लगे तो उसने दोनों पर हमला कर दिया।

मामला गंधवानी के ग्राम बैहडदा का है। पुलिस के अनुसार, दिनेश उर्फ ध्यानसिंह जमरा (31) का 23 वर्षीय युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिनेश अपनी पत्नी के साथ रहता है, लेकिन वह युवती का पीछा नहीं छोड़ रहा था। मामला पंचायत में पहुंचा। दिनेश ने कहा कि वह पत्नी और प्रेमिका को साथ रखेगा। पंचायत ने उसके खिलाफ फैसला सुनाया।



घायल युवती

**जान से मारने धमकाया, फिर चाकू मारे:** पंचायत के फैसले से दिनेश नाराज हो गया, उसने युवती और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सोमवार शाम को युवती और उसके पिता जीराबाद पुलिस चौकी जा रहे थे। दिनेश ने उनका पीछा किया और रास्ते में चाकू से वार कर दिए। युवती और उसके पिता को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने दिनेश के खिलाफ मंगलवार को मामला दर्ज किया है।

**पंचायत ने कहा- पत्नी को तलाक दो:** जानकारी के अनुसार, युवती को पहले से पता था कि दिनेश शादीशुदा है। दोनों में प्रेम-प्रसंग था। इस बात की जानकारी गांववालों ने युवती के पिता को दी। पंचायत ने युवक से कहा कि तुम पहले से शादीशुदा हो, इसलिए युवती से शादी नहीं कर सकते। पत्नी को तलाक दो। इस बात पर दिनेश तैयार नहीं हुआ। उसने कहा कि वह पत्नी और युवती को साथ रखेगा। दोनों का भरण पोषण करेगा।



# उन्हें IPL में भी अंपायरिंग करनी है, फखर जमां को आउट देने पर अफरीदी ने उगला जहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारत के विरुद्ध सुपर-4 मुकाबले में फखर जमां को आउट दिए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने एशिया कप 2025 में अंपायरिंग के मानकों पर फिर से बहस छेड़ दी है। फखर जमां इस फैसले से नाखुश दिखे। उनका मानना था कि विकेटकीपर के दस्तानों में जाने से पहले गेंद जमीन को छू चुकी थी।

समा टीवी पर शाहिद अफरीदी ने अंपायर पर तंज कसते हुए कहा, उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने अफरीदी का समर्थन करते हुए फखर जमां को आउट दिए जाने पर अफसोस जताया है। यूसुफ ने कहा, फखर जमां हमारे प्रमुख खिलाड़ी थे, उन्होंने विश्वस्तरीय गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह) के खिलाफ कुछ चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी।

पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने भी थर्ड अपंयार के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंद बाउंस हुई है। अंपायर गलतियां कर सकते हैं, और यह समझ में आता है। मुझे तो ऐसा लगा कि गेंद बाउंस हुई है, लेकिन मैं गलत भी हो सकता हूं। अगर फखर जमां खेलते रहते, तो हम 190 के आसपास पहुंच सकते थे।

# पीएसजी स्टार डेम्बेले ने बैलन डी ओर जीता

## महिलाओं में बोनमाटी की हैट्रिक



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** 28 वर्षीय डेम्बेले ने पेरिस में आयोजित समारोह में बार्सिलोना के किशोर प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यमाल को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया। ओस्मान डेम्बेले ने इस सीजन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के लिए 53 मुकाबलों में 35 गोल और 16 असिस्ट किए। हालांकि, चोट के चलते वह मार्सिले में पीएसजी के लीग मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे।

ओस्मान डेम्बेले ने बैलन डी ओर जीतने पर खुशी जताते हुए कहा, सचमुच मेरे पास शब्द नहीं हैं। पीएसजी के साथ यह एक शानदार सीजन रहा। यह एक व्यक्तिगत ट्रॉफी है, लेकिन असल में इसे सामूहिक रूप से जीता गया। मेरे करियर में बैलन डी ओर मेरा लक्ष्य नहीं रहा है, लेकिन मैंने टीम को चैंपियंस लीग जिताने के लिए कड़ी मेहनत की। इसके साथ ही ओस्मान डेम्बेले अपनी मां का जिक्र करते हुए भावुक हो गए, जो उस समारोह में मौजूद थीं।

18 वर्षीय लामिन यमाल उपविजेता रहे। स्पेन और बार्सिलोना के इस फॉरवर्ड ने कोपा ट्रॉफी अपने नाम की। लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीतते हुए, उन्होंने विश्व फुटबॉल के सबसे चमकते युवा सितारों में अपनी पहचान पुख्ता कर दी।

दूसरी ओर, ऐताना बोनमाटी लगातार तीन बार गोल्डन बॉल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस उपलब्धि में बोनमाटी ने लियोनेल मेस्सी और मिकेल प्लेटिनी जैसे दिग्गज फुटबॉलर के साथ शामिल हुईं।

## भारत ने 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान को दूसरी बार हराया, दर्ज की शानदार जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारत और पाकिस्तान की खेलों की दुनिया में प्रतिद्वंदिता किसी से छुपी नहीं है। चाहे क्रिकेट का मैदान हो या फुटबॉल का। एक तरफ दुबई में एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, तो दूसरी तरफ श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन (स्र्स्नस्न) अंडर-17 चैंपियनशिप में भारतीय युवा फुटबॉलरों ने पाकिस्तान पर 3-2 से जीत दर्ज की। इन दोनों जीत ने साबित कर दिया कि भारत हर मैदान पर पाकिस्तान पर भारी पड़ रहा है।

सोमवार 22 सितंबर को कोलंबो में खेले गए स्र्स्नस्न अंडर-17 चैंपियनशिप के ग्रुप बी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से हराकर अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने आक्रामक रवैया दिखाया। 31वें मिनट में डलालमुओं गंगटे ने गोल दागकर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि पाकिस्तान ने 43वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

दूसरे हाफ में भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई। 63वें मिनट में गुनलीबा वांगखेराकपम ने शानदार गोल किया और स्कोर 2-1 कर दिया। लेकिन पाकिस्तान ने हार मानने के बजाय फिर वापसी की और 70वें मिनट में हमजा यासिर ने गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। पाकिस्तान की यह खुशी ज्यादा देर तक कायम नहीं रही। केवल 3 मिनट बाद ही 73वें मिनट में रेहान अहमद ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया और टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन डिफेंस खेलते हुए पाकिस्तान को बराबरी का मौका नहीं दिया।

पूरे 90 मिनट के खेल के बाद भारतीय टीम विजेता बनी और तीनों ग्रुप मैच जीतकर शीर्ष पर रही। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है जहां उसका सामना नेपाल से होगा। वहीं पाकिस्तान की टीम हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंच गई है और उसका मुकाबला बांग्लादेश से होगा। भारत की यह जीत खास इसलिए भी है क्योंकि स्र्स्नस्न अंडर-17 चैंपियनशिप में उसका प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा है। टीम इंडिया अब तक सबसे ज्यादा 6 बार यह खिताब जीत चुकी है और मौजूदा चैंपियन भी है।



# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। यह टेस्ट सीरीज 2-14 अक्टूबर के बीच खेली जानी है।

ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत के उप-कप्तान रहे थे, लेकिन मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। वह इस मैच में लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट में नहीं खेल सके। पंत के स्थान पर सीरीज के अंतिम मैच में एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया था। वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं।


रिपोर्ट्स के अनुसार, इस समय ऋषभ पंत स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से गुजर रहे हैं। बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग शुरू करने से पहले बीसीसीआई की मेडिकल टीम की ओर से अपडेट का इंतजार किया जा रहा है। पंत की वापसी के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं की गई है।

पंत की अनुपस्थिति में, ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज के विरुद्ध सीरीज में भारत के विकेटकीपर होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैच में विकेटकीपिंग की थी। अगर चयनकर्ता वेस्टइंडीज सीरीज के लिए दूसरे विशेषज्ञ विकेटकीपर का चयन करते हैं, तो एन जगदीशन बैकअप विकल्प हो सकते हैं।

यह भी माना जा रहा है कि चयनकर्ता टेस्ट सीरीज के लिए नितीश कुमार रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल के नाम पर विचार कर सकते हैं। भारत-वेस्टइंडीज के बीच यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी, जिसके बाद भारत वर्तमान में डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर मौजूद है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टइंडीज तीन मैचों में तीन हार के बाद छठे स्थान पर है।

भारत-इंग्लैंड की टीमें 2-6 अक्टूबर के बीच अहमदाबाद में पहला टेस्ट मैच खेलेंगी, जिसके बाद 10-14 अक्टूबर के बीच दिल्ली में सीरीज का दूसरा मुकाबला आयोजित होगा।

# भारत के प्रदर्शन पर होगी पाकिस्तान की नजर, जीत की दुआ करेगा कट्टर दुश्मन



एशिया कप 2025 अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। सुपर-4 राउंड में भारत ने पाकिस्तान को हराकर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। लेकिन अब बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान की टीम अभी भी फाइनल में जगह बना सकती है? क्या पड़ोसी मुल्क भारत के खिलाफ फाइनल खेल पाएगा? एशिया कप का गणित कुछ ऐसा बन रहा है कि पाकिस्तान ना चाहकर भी भारत के प्रदर्शन पर नजर रखेगा और उसकी जीत की कामना करेगा। आइए समझते हैं मौजूदा स्थिति और आगे का गणित-

## एशिया कप सुपर-4 प्वाइंट्स टेबल की तस्वीर

भारत- 1 मैच, 1 जीत, 2 अंक, हृक्र +0.689

बांग्लादेश- 1 मैच, 1 जीत, 2 अंक, NRR +0.121

श्रीलंका- 1 मैच, 0 जीत, 0 अंक, हृक्र -0.121

पाकिस्तान- 1 मैच, 0 जीत, 0 अंक, NRR -0.689

भारत और बांग्लादेश शुरुआती जीत से मजबूत स्थिति में हैं, जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका दबाव में हैं।

**पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मैच:** पाकिस्तान का अगला मुकाबला मंगलवार (23 सितंबर) को श्रीलंका से है। यह मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा है। अगर पाकिस्तान जीतता है, तो उसके फाइनल की उम्मीदें बरकरार रहेंगी। अगर हारता है, तो टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो जाएगा। इतिहास भी दिलचस्प है, श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले पांच टी20 जीते हैं, लेकिन् श्च की धरती पर पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है।

**भारत की जीत में छिपा है पाकिस्तान का रास्ता:** अगर पाकिस्तान श्रीलंका को हरा भी देता है, तो उसे फाइनल तक पहुंचने के लिए भारत के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा। भारत अगर बांग्लादेश और श्रीलंका दोनों को हरा देता है, तो पाकिस्तान का रास्ता साफ हो सकता है। लेकिन अगर भारत बांग्लादेश से हार गया, तो बांग्लादेश का फाइनल लगभग तय हो जाएगा। यानी पाकिस्तान चाहेगा कि भारत अपने दोनों सुपर-4 मैच जीत ले।

**क्या एक मैच जीतकर भी फाइनल संभव?:** पाकिस्तान केवल एक मैच जीतकर भी फाइनल में जगह बना सकता है, लेकिन यह नेट रन रेट (NRR) पर निर्भर करेगा।

### भारत अपने दोनों मैच जीते।

बांग्लादेश और श्रीलंका अपने बाकी मैच हारें।

पाकिस्तान का हृक्र अन्य टीमों से बेहतर हो।

यह मुश्किल तो है, लेकिन असंभव नहीं।

क्या भारत-पाकिस्तान फाइनल संभव है?

सवाल सबके मन में यही है कि क्या एशिया कप 2025 का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच हो सकता है? हां, हो सकता है, बशर्ते पाकिस्तान श्रीलंका और बांग्लादेश को हराए और भारत भी अपने मैच जीतकर शीर्ष पर रहे। अगर पाकिस्तान श्रीलंका से हार जाता है, तो उसकी किस्मत पूरी तरह भारत और अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर हो जाएगी।

पाकिस्तान के लिए अब हर मैच फाइनल जैसा है। श्रीलंका को हराना पहली शर्त है और बांग्लादेश को मात देना दूसरी। लेकिन इन सबके बीच पाकिस्तान की किस्मत कहीं न कहीं भारत के प्रदर्शन पर भी टिकी है। यानी पड़ोसी मुल्क अब भारत की जीत के लिए दुआ करेगा ताकि एशिया कप 2025 का महामुकाबला भारत बनाम पाकिस्तान फाइनल संभव हो सके।

# भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडर रोहित मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 11 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा।

भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा जबकि आस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे।

**टीम :**

गोलकीपर : ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह

डिफेंडर : रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह

मिडफील्डर : अंकित पाल, टी इंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर , मनमीत सिंह

फॉरवर्ड : अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह

स्टैंडबाय : विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह।

# छह साल बाद CAB अध्यक्ष बने सौरव गांगुली

## बोले- ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (CAB) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा।

गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं।

**2019 से 2022 तक BCCI के अध्यक्ष रहे :** इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक CAB अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक BCCI अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में ICC मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (CAC) में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली SA20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह SA20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह IPL में दिल्ली कैपिटल्स (DC) के मेंटर भी रह चुके हैं।

**गांगुली का क्रिकेट करियर लगभग 16 साल का रहा :** गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। वह साल 2000 में भारत के कप्तान बने। गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेशों में कई ऐतिहासिक टेस्ट मैच जीते और 2003 वर्ल्ड कप फाइनल तक का सफर तय किया। 2002 में लॉर्ड्स में नेटवेस्ट ट्रॉफी जीती। उन्होंने 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## महिला वनडे विश्व कप 2025 ग्रेस हैरिस ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को बढ़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस कॉल्फ स्ट्रेन के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। यह चोट उन्हें भारत के खिलाफ पिछले सप्ताह हुए मैच के दौरान लगी। ग्रेस हैरिस अपनी पावर-हिटिंग और गेंदबाजी दोनों के लिए जानी जाती हैं। उनकी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में स्ट्राइक रेट 155.52 है और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 21 विकेट भी लिए हैं। उनका स्थान अब हीथर ग्राहम ने ले लिया है। हीथर ग्राहम फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने महिला नेशनल क्रिकेट लीग में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दो मैच खेले हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक उनकी 6 पारियों में 9 विकेट हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, ताल्हिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मून, एलिस पेरी, मेगन शुट, एन्नाबेल सुदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम।

# सुपर 4 में वापसी को बेताब श्रीलंका और पाकिस्तान होंगे आमने-सामने

**अबुधाबी, एजेंसी।** सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। गत चैम्पियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी20 एशिया कप में उसके आठ मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई।

दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी। भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

रिकवरी के लिए अधिक समय भले ही नहीं मिला हो लेकिन सलमान आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम को अब हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पूर्व कप्तान बाबर आजम और सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कमी उन्हें बल्लेबाजी में बुरी तरह खली है। उसके बल्लेबाज तकनीक और तेवर के मामले में अनुभवहीन साबित हुए। भारत के खिलाफ शीर्षक्रम के बल्लेबाजों साहिबजादा फरहान, फखर जमां और सईम अयूब ने उम्मीदें जताई और अच्छी शुरूआत देते हुए एक विकेट पर 90 रन बनाए। अयूब ने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में पाकिस्तानी बल्लेबाज लय कायम नहीं रख सके। गेंदबाजी में भी लेग स्पिनर अबरार अहमद सिर्फ ओमान और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ ही कामयाब रहे और भारतीय बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं कर सके। दूसरी ओर श्रीलंका की चिंता का सबब कमजोर मध्यक्रम है। दासुन शनाका ने बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की। ग्रुप चरण में लगातार दो अर्धशतक जमाने वाले पाथुम निसांका अब लय दोबारा हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। कुसल मेंडिस और कामिल मिशारा अच्छे फॉर्म में है और स्थिरता दे सकते हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने प्रभावित किया है जो टूर्नामेंट में छह विकेट ले चुके हैं। स्पिनर वानिंदु हसरंगा, दुष्मंता चामीरा, चरित असलंका और शनाका ने भी योगदान दिया है।



**टीमें :**

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम।

**श्रीलंका :** चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

# नक्सल संगठन कमजोर पड़ रहा : गृहमंत्री विजय शर्मा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नारायणपुर में नक्सल के दो सेंट्रल कमेटी (CC) मेंबर को ढेर करने में सुरक्षाबलों ने कामयाबी पाई है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पर कहा कि लगातार मिल रही सफलताओं के बीच सुरक्षा बलों ने वरिष्ठ नक्सली कैडरों को मार गिराया गया है. नक्सलियों के वरिष्ठ नेतृत्व का खात्मा हो रहा है, उनका संगठन कमजोर पड़ रहा है. वर्ष 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों से बातचीत को लेकर विजय शर्मा की मानसिक स्थिति को अस्थिर बताए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी मानसिकता स्थिर है कि बस्तर में विकास पहुंचे. इसके साथ ही सवाल किया कि ये (कांग्रेस) नक्सलवाद का खात्मा क्यों नहीं चाहते हैं. दरअसल, बड़ी संख्या में नक्सली समाज की मुख्यधारा में आना चाहते हैं. वहीं 51 महतारी सदन के लोकार्पण को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बड़े समय से माता-बहनों की मांग थी. 29 लाख महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं. सभी के लिए रहने की बेहतर व्यवस्था होगी. स्व-सहायता समूह द्वारा महिलाओं का एक खास कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' भी शुरू हो रहा है. महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए यह एक बड़ा कदम है।वहीं जीएसटी 2.0 को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा इस पर दुकानों तक पहुंचेगी. भाजपा के वरिष्ठ नेता दुकानों में पहुंचकर शॉपिंग करेंगे. इसके साथ ही उन्होने दुकानदारों से जीएसटी की जानकारी देने की अपील की है।

# एमआईसी बैठक में नामांतरण प्रक्रिया सरल करने समेत कई प्रस्तावों पर होगा विचार




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** नगर निगम की महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की अहम बैठक आज दोपहर 2 बजे महात्मा गांधी सदन स्थित एमआईसी कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में आम जनता के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा।बैठक का मुख्य प्रस्ताव संपत्ति नामांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने से संबंधित है। राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्ताव के तहत नामांतरण प्रक्रिया की समय सीमा 7 दिन निर्धारित करने का सुझाव रखा गया है, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी।इसके अलावा नगर निगम के लोककर्म विभाग की ओर से शहर में गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए नाला निर्माण के प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। साथ ही, राजधानी के ऐतिहासिक टाउनहॉल के नवीनीकरण के बाद उसके किराये के निर्धारण पर भी चर्चा होगी। अन्य प्रस्तावों में निगम इंजीनियरों की पदोन्नति, चिकित्सा क्षतिपूर्ति बिल, और गरीबी उपशमन विभाग से प्राप्त 100 से अधिक पेंशन प्रकरण शामिल हैं, जिन पर निर्णय के बाद एमआईसी की मुहर लगाई जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में करोड़ों के शराब घोटाले में आरोपित बनाये गए 28 अधिकारियों को मिली अग्रिम जमानत



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपित बनाए गए 28 अधिकारी आज आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की विशेष अदालत में पेश हुए। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के मुताबिक सभी अधिकारी अग्रिम जमानत के कागजात लेकर जमानतदारों के साथ मंगलवार को अदालत पहुंचे थे। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने इन्हें गिरफ्तारी से राहत देते हुए अग्रिम जमानत दी थी। अदालत में 1-1 लाख रुपये का जमानत पट्टा जमा करने पर सभी को जमानत दे दी गई।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 32 सौ करोड़ रुपये का शराब घोटाला हुआ। इस मामले में आबकारी विभाग से जुड़े 28 अफसरों को ईओडब्ल्यू ने आरोपित बनाया और उसके खिलाफ चालान पेश किया था। इन पर 2019 से 2023 के बीच 90 करोड़ रुपये की अवैध वसूली करने का आरोप है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से 18 अगस्त को अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने पर सभी आरोपितों ने उच्चतम न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। मामले की सुनवाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने सभी 28 अफसरों को शर्तों के साथ अग्रिम जमानत दे दी थी।

# रायपुर में 22 साल के विदेशी नागरिक की मौत, मानसिक बीमारी से था परेशान युवक

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** रायपुर में 22 साल के एक विदेशी नागरिक की मौत हुई है। युवक साउथ अफ्रीका के करीब एस्वातिनी देश का रहने वाला था। यहां वह एक निजी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने पहुंचा था। वह किसी गंभीर मानसिक बीमारी से परेशान था। अंबेडकर अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इस मामले में देवेंद्र नगर पुलिस ने एंबेसी को सूचना भेजी है।देवेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम सेनजेलवे सिसोनके निकमबुले (22 साल) है। युवक कुछ दिन पहले ही वह इंडिया पहुंचा था। बताया जा रहा है कि मुंबई एयरपोर्ट पर युवक का बैग चोरी हो गया था। इसमें कुछ दवाइयां भी थी। युवक रायपुर के नीचे यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए आया था। इसी दौरान उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने एम्बेसी के निर्देश के बाद उसे अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया था।

**इलाज के दौरान मौत :**19 सितंबर को भर्ती होने के बाद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे। लेकिन 22 सितंबर को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। अंबेडकर अस्पताल में भी युवक मानसिक रूप से बीमार होने की वजह से परेशान था। युवक की मौत के बाद देवेंद्र नगर पुलिस ने एंबेसी को सूचना भेजी है। एंबेसी के माध्यम से युवक के परिवार वालों से संपर्क किया जा रहा है।

# पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के पत्र पर भूपेश ने कहा- यह देखने की बात है कि भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की क्या स्थिति है



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखे पत्र को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मंगलवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भूपेश बघेल बिहार के पटना में बुधवार को होनी वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की विस्तारित बैठक में शामिल होने के लिए आज रायपुर से रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा नेता हमेशा कांग्रेस पर टिप्पणी करते हैं, लेकिन अब यह देखने की बात है कि भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की क्या स्थिति है। उन्होंने ननकीराम कंवर के अल्टीमेटम को लेकर कहा कि हमने पहले भी देखा है, राज्यपाल और कलेक्टर बैठे हुए थे और ननकी राम कंवर खड़े हुए थे। देखना होगा कि ननकीराम कंवर के अल्टीमेटम पर क्या बयान देते हैं।भूपेश बघेल ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि गलत जीएसटी के जरिए देश को 8 साल लूटा गया। आम जनता की आय सीमित रही और अब यह समझ आया। पहले जो भाषण केंद्र सरकार देती थी, वही अब दोहराई जा रही है। महंगाई कम होने की बात पहले भी और अब भी कही जा रही है। भूपेश बघेल ने नक्सलियों की तरफ से आए लेटर पर विजय शर्मा के बयान को लेकर कहा कि- गृह मंत्री अस्थिर मानसिकता के है। जब गृहमंत्री बने तब टेलीफोन से बात करने को तैयार थे। अब समझौता वार्ता के लिए तैयार है। हर बार उनका बयान बदल जाता रहा है। गृह मंत्री विजय शर्मा की अस्थिर मानसिकता है।

बिहार के पटना में कल होनी वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की विस्तारित बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर से रवाना होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में ननकीराम कंवर के उस पत्र पर पत्रकारों के सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें ननकीराम कंवर ने कोरबा कलेक्टर को हटाए जाने की मांग की है। साथ ही तीन दिन के भीतर नहीं हटाने पर शासन-प्रशासन के खिलाफ धरना देने की चेतावनी दी है।

# एनआईटी रायपुर में 'आह्वान-2025' का आगाज़, हिंदी बनी एकता और पहचान का प्रतीक

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में राजभाषा समिति द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़े 'आह्वान-2025' का शुभारंभ रविवार को हुआ। निदेशक (प्रभारी) डॉ. ए.बी. सोनी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनोज कुमार चोपकर, फैकल्टी, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का संदेश पढ़कर सुनाया गया।डॉ. सोनी ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एकता की डोर और सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है। उन्होंने छात्रों से हिंदी पखवाड़े के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। डॉ. चोपकर ने हिंदी को संस्कृति और परंपरा का दर्पण बताते हुए कहा कि यह भाषा हमारी जड़ों से जोड़े रखने का काम करती है।राजभाषा समिति के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. शारदा नंदन राव ने कहा,हिंदी बाधा नहीं, बल्कि भावनाओं को जोड़ने वाला सेतु है। उन्होंने समिति के फ्लैगशिप इवेंट आह्वान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कविता वाचन, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। डॉ. संजय कुमार ने आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए बताया कि शब्दांगन, चक्रव्यूह और अभिव्यक्ति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी को नयी ऊर्जा दी जाएगी।

# ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' अंतर्गत सुदूर अंचलों तक पहुँची विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ

## पीएम–जनमन क्षेत्रों में विशेष शिविरों के माध्यम से हजारों जनजातीय हितग्राही हुए लाभान्वित



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी पहल ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान÷ के अंतर्गत आज प्रदेशभर के प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय मिशन (PM JANMAN) क्षेत्रों में विशेष जनजातीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से पिछड़ी जनजातीय समूहों (PVTGs) सहित हजारों लोगों को समर्पित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गई, जो प्रदेश सरकार की जनजातीय स्वास्थ्य सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।छत्तीसगढ़ राज्य में ''स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार'' अभियान के आज के थीम के अनुरूप विशेष रूप से पीवीटीजी (विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह) क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (MMU) के माध्यम से व्यापक स्तर पर सेवाएं प्रदान की गई, जिसमें राज्य के 24 ज़िलों में कुल 85 स्वास्थ्य शिविरों का संचालन किया गया। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में 51 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की सक्रिय भागीदारी से पिछड़ी जनजातीय समूह के 1,815 सहित कुल 7,825 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। दूरस्थ अंचलों में बसे जनजातीय समुदायों को ध्यान में रखते हुए इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समग्र स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान की गईं। सेवाओं के अंतर्गत सामान्य ओपीडी उपचार के अंतर्गत 2,118 लोगों का इलाज किया गया, वहीं 1,020 लोगों की हाईपरटेंशन (बीपी) जांच और 1108 लोगों की मधुमेह स्क्रीनिंग की गई। महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए एनीमिया की जांच 878 महिलाओं में की गई, जबकि मातृत्व सेवाओं के तहत 260 महिलाओं की एएनसी/पीएनसी जांच की गई। साथ ही, 210 मलेरिया, 340 सिकल सेल, और 112 टीबी जांचें की गईं। कैंसर स्क्रीनिंग (मुख, स्तन व ग्रीवा) के माध्यम से 150 महिलाओं की जांच की गई। बच्चों को टीकाकरण सेवाएं भी दी गई, जिससे 185 बच्चों को लाभ मिला, जबकि परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ 145 महिलाओं ने उठाया। मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के तहत 80 लोगों को परामर्श दिया गया और आयुष एवं वेलनेस सेवाओं से 60 लोगों को लाभ मिला। इसके साथ ही, मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर भी विशेष रूप से जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिसमें किशोरियों और महिलाओं को स्वच्छता प्रबंधन, सैनिटरी नैपकिन के उपयोग, संक्रमण से बचाव जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं से आगे बढ़कर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध हो रहा है।

# मेसर्स एवं हर्ष होन्डा कंपनी करेंगी योग्य उम्मीदवारों की भर्ती, 26 को लगेगा रोजगार मेला

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगारों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 26 सितंबर 2025, शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक वार्ड नंबर 17, भगत सिंह वार्ड, जोड़ा तालाब छठ घाट के पास जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजकों द्वारा कई रिक्तियां उपलब्ध कराई गई हैं। विशेष रूप से, हर्ष होन्डा मनेन्द्रगढ़ द्वारा बिक्री कार्यकारी, रिसेप्शनिस्ट, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक, सेवा परामर्शदाता, पार्ट्स मैनेजर तथा गृह व्यवस्था जैसे पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।

पात्र उम्मीदवारों के लिए वेतनमान 5,000 से 9,000 रुपये तक निर्धारित किया गया है। रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होना पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक आवेदकों को अपने साथ सभी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय में पंजीकरण प्रमाण पत्र/आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना आवश्यक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र मनेन्द्रगढ़ ने सभी योग्य बेरोजगारों से इस अवसर का लाभ उठाने और समय पर प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। यह एक सुनहरा अवसर है, जिससे बेरोजगार युवा अपनी योग्यताओं के अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल 25 को ग्राम लाई में आयोजित होगी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 25 सितंबर 2025, दिन गुरुवार, सुबह 10÷00 बजे से कल्पनिक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में, जिला मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भतरपुर के तहसील–नागपुर अंतर्गत ग्राम–लाई में हसदेव नदी इंटकवेल तथा वन विभाग नर्सरी में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन तैयारियों को परखने और जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा इस मॉक ड्रिल के संबंध में अपील की गई है कि यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, अतः घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दौरान, जिले और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार से घबराएं नहीं। सभी से अनुरोध किया गया है कि अफवाहों से बचें और दूसरों को सही जानकारी प्रदान करें। इस महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल में प्रशासन का पूरा सहयोग करें ताकि आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सही ढंग से परखा जा सके और सभी को जागरूक किया जा सके।

# प्रदेशभर में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण, जिले की रतनपुर और बरदर में भी हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी सदन के तहत 23 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशभर में एक साथ 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत 208 महतारी सदनों में से अब तक 51 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के खड़गवां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर और बरदर में भी महतारी सदनों का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी सदन न केवल महिलाओं के लिए सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र होंगे, बल्कि ये आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को नई दिशा देंगे।

# बीमारी से हार मान चुके थे परिजन, उम्मीद बना एसीआई; 60 वर्षीय मरीज को मिला नया जीवन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) अब न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए भी जीवनदाता बनता जा रहा है। हाल ही में एसीआई के कार्डियोलॉजी विभाग में मध्यप्रदेश निवासी 60 वर्षीय मरीज के हृदय की 100 प्रतिशत ब्लॉक हो चुकी चार नसों की सफल एंजियोप्लास्टी की गई।मरीज के परिजनों के अनुसार, मरीज लंबे समय से दवाओं के सहारे जीवन जी रहे थे। मध्यप्रदेश के कई बड़े अस्पतालों ने एंजियोप्लास्टी करने से मना कर दिया था। इस बीच उनके एक करीबी रिश्तेदार से पता चला कि एसीआई में कुछ वर्ष पूर्व एक मरीज के जटिल हृदय रोग का सफल उपचार किया गया है। इसी भरोसे के साथ वे रायपुर पहुँचे। स्वयं मरीज अपना अनुभव बताते हुए कहते हैं कि जब कई बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों ने कह दिया था कि उनके यहाँ इलाज संभव नहीं है तो एसीआई बड़ी उम्मीद लेकर आया था। डॉक्टर से हमने कह भी दिया था कि जितना भी रिस्क हो, आप इलाज़ की तैयारी कीजिये, मैं उसके लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हूँ। अंततः यहाँ के डॉक्टरों ने मुझे नया जीवनदान दिया। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई इस प्रक्रिया में राइट फीमोरल एंजियोप्लास्टी के जरिए मरीज की ब्लॉक नसों को खोला गया। फिलहाल मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि, पाँच वर्ष पूर्व भी मध्यप्रदेश से आए एक मरीज की सफल लेजर एंजियोप्लास्टी की गई थी। इस बार भी कठोर ब्लॉकेज को देखते हुए लेजर की तैयारी की गई थी, किंतु सौभाग्य से सामान्य एंजियोप्लास्टी से ही सफल परिणाम मिल गये। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने मरीज की स्थिति को देखते हुए विभाग को अतिशीघ्र एंजियोप्लास्टी करने के निर्देश दिये।

# 100 रुपए की रिश्वत, 39 साल केस; सब बिखर गया : केस लड़ते-लड़ते पत्नी चल बसी, बच्चों की पढ़ाई छूटी, अब हाईकोर्ट बोला- जागेश्वर निर्दोष है



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** 83 साल की उम्र में चेहरे पर गहरी झुर्रियां, आंखों में न थमने वाला दर्द और 39 साल तक कोर्ट-कचहरी की थकावट। यही पहचान बन गई है जागेश्वर प्रसाद अवधिया की। रायपुर के इस बुजुर्ग ने अपनी पूरी जिंदगी केवल एक लड़ाई में गुजार दी। 100 रुपए की रिश्वत के झूठे केस में बेगुनाही साबित करने की लड़ाई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 39 साल पुराने 100 रुपए के रिश्वत मामले में जागेश्वर प्रसाद अवधिया को बरी कर दिया है। मध्यप्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (MPSRTC) रायपुर के बिल सहायक रामेश्वर प्रसाद अवधिया दोषमुक्त हो गए हैं।लेकिन साल 1986 में जो दाग लगा, उसने जागेश्वर के पूरे परिवार का भविष्य निगल लिया। नौकरी में तरक्की रुक गई, वेतन आधा हो गया, बच्चों की पढ़ाई अधूरी रह गई और पत्नी का साथ भी छीन गया। अब 83 साल की उम्र में उनके पास बचा है तो बस थकान से झुका हुआ शरीर और आंखों में वो खालीपन, जो इंसाफ मिलने के बाद भी खत्म नहीं होता।10 मई 1943 को जन्मे जागेश्वर प्रसाद अवधिया आज 83 साल के हैं। लेकिन उनकी आंखों में अब भी वही दर्द साफ झलकता है, जो 39 साल पहले उनकी जिंदगी पर थोप दिया गया था।साल 1986ज्रायपुर।साल था 1986। जागेश्वर प्रसाद उस समय मध्यप्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (स्श्क्रञ्जष्ट) रायपुर में बिल सहायक के पद पर पदस्थ थे। तभी एक दिन एक कर्मचारी अशोक कुमार वर्मा आया और बकाया बिल पास कराने का दबाव बनाया। जागेश्वर ने साफ कहा, जब तक ऊपर से ऑर्डर नहीं आएगा, मैं बिल पास नहीं कर सकता।अगले दिन वही कर्मचारी रिश्वत के तौर पर 20 रुपए लेकर पहुंचा। जागेश्वर ने गुस्से में नोट वापस कर दिए और उसे भगा दिया। लेकिन जागेश्वर को तब ये नहीं मालूम था कि यहीं से उनकी पूरी दुनिया ही बदल जाएगी।

**24 अक्टूबर 1986 :**सुबह का वक्त था। जागेश्वर घर से तैयार होकर ऑफिस निकल ही रहे थे कि पास की किराने की दुकान पर वही कर्मचारी फिर आ धमका। बात करते-करते उसने 50-50 के 2 नोट जबरदस्ती जेब में डाल दिए। जागेश्वर ने जेब से नोट निकालने की कोशिश ही की थी कि तभी लोकायुक्त की विजिलेंस टीम सामने आ गई।विजिलेंस की टीम ने जैसे ही जागेश्वर प्रसाद को पकड़ा, चारों तरफ भीड़ जमा हो गई। लोग कानाफूसी करने लगे कि रिश्वतखोरी करते पकड़ाया है। यही खाते हैं सरकारी कर्मचारी। किसी ने ताना मारा, तो किसी ने उंगली उठाई। सबके सामने उनसे हाथ धुलवाए गए, कैमिकल लगे नोटों को लहराकर दिखाया गया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा